■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

# बी पी एस न्यूज

सच का साथी...

www.bpsnews.in
(वर्ष-9 अंक-7)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 18 मार्च, 2024




इंडियन रेलवे होली पर चलाएगा स्पेशल ट्रेन 7 | तीन दशक पुराने मामले में माफिया मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा 6

# आम चुनावों का ऐलान

## सात चरण में होगा मतदान, पहली वोटिंग 19 अप्रैल, आखिरी 1 जून को, नतीजे 4 जून को




नोएडा। चुनाव आयोग ने 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। लोकसभा चुनाव के लिए सात चरण में मतदान होगा।

19 अप्रैल को पहले चरण की मतगणना होगी। 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होगा। सात मई को तीसरा चरण होगा। 13 मई को चौथा चरण होगा।

20 मई को पांचवां चरण होगा। छठा चरण 25 मई को होगा ।एक जून को सातवां चरण में मतदान होगा। चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आएंगे। चुनाव आयोग ने सलाह दी है कि निजी जिंदगी को लेकर भी चुनावों में हमले न करें। फेक न्यूज न फैलाएं। जाति धर्म पर भाषण नहीं। सोशल मीडिया की निगरानी



होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि पर्यवक्षेकों को ट्रेनिंग दी गई है। 2100 पर्यवक्षेक तैनात किए गए हैं।

हिंसा मुक्त चुनाव का लक्ष्य है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की शायरी में मतदाताओं को फर्जी खबरें और असत्यापित जानकारी आगे न बढ़ाने की सलाह दी गई है। साथ ही कहा गया है कि प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल न हो।

राजीव कुमार ने कहा कि किसी भी उम्मीदवार का आपराधिक रिकार्ड है तो उसे 3 बार अखबार और टीवी पर बताना पड़ेगा । राजनैतिक पार्टी को भी बताना पड़ेगा कि वो उसे टिकट क्यों दे रही है?चुनाव आयुक्त ने बताया कि हिंसा मुक्त चुनाव कराने की पूरी कोशिश करेंगे।

अगर शिकायत मिली तो सख्त एक्शन लिया जाएगा। काले धन का इस्तेमाल को रोकने के भरपूर प्रयास करेंगे। कुछ राज्यों में बल का प्रयोग ज्यादा है, कुछ राज्यों में धन का प्रयोग ज्यादा होता है। हमारे पास पूरे आंकड़े हैं ।मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, 12 राज्यों में महिला मतदाताओं का अनुपात पुरुष मतदाताओं से अधिक है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के जितने भी मतदाता हैं उनके घर जाकर मतदान करवाया जाएगा। इस बार देश में पहली बार ये व्यवस्था एक साथ लागू होगी कि जो 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता हैं और जिन्हें 40त्न से अधिक की विकलांगता है, उनके पास हम फॉर्म पहुंचाएंगे अगर वो मतदान का ये विकल्प चुनते हैं ।मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हमारे पास 97 करोड़ पंजीकृत मतदाता, 10.5 लाख मतदान केंद्र, 1.5 करोड़ मतदान अधिकारी और सुरक्षा कर्मचारी, 55 लाख ईवीएम, 4 लाख वाहन हैं।

## लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में नक्सली मुठभेड़, ढेर हुआ 8 लाख का इनामी नक्सली, सर्च ऑपरेशन जारी




कांकेर। लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में नक्सली घटनाएं थम नहीं रही है। कांकेर में फिर एक मुठभेड़ हो गया है। कोयलीबेड़ा में एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान जवानों ने एक महिला नक्सली को मार गिराया है। शनिवार को हुए मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की पहचान कर ली गई है। कांकेर पुलिस अधीक्षक आईके एलेसेला ने मारे गए नक्सली की पहचान नक्सल कमांडर मनकेर के रूप में की है, जिसके सिर पर सरकार ने आठ लाख रुपए का ईनाम रखा था।

कांकेर पुलिस अधीक्षक आईके एलेसेला ने बताया कि शनिवार को कोइलीबेडा और नारायणपुर जिले की सीमा से लगे ककनार, गोमे, गत्ताकाल के जंगलों में नक्सली लीडर राजू सलाम की मौजूदगी की सूचना पर बीएसएफ और डीआरजी की टीम सर्चिंग पर निकली थी। काकनार के जंगल में जवानों की नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक वर्दीधारी नक्सली मारा गया था, जिसकी शिनाख्त नक्सल कमांडर मानकेर के रूप में हुई है। वहीं अब इलाके में सर्च आपरेशन जारी है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कोइलीबेड़ा नक्सलियों की बटालियन नंबर पांच काफी एक्टिव है। कल की मुठभेड़ भी नक्सलियों की बटालियन नंबर 5 से हुई है। यह दूसरी मुठभेड़ है, जिसमे सफलता मिली है। मारे गए नक्सली कमांडर मनकेर पर 8 लाख रुपए का ईनाम रखा गया था।

## एल्विश यादव को 14 दिन की न्यायिक हिरासत, हो सकती है 10 साल तक जेल



नोएडा। यूट्यूबर एल्विश यादव को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने एल्विश यादव को रेव पार्टी मामले में हिरासत में लिया है। पुलिस ने आज उसे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 14 की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले एल्विश यादव के खिलाफ गुरुग्राम और गाजियाबाद में केस दर्ज किया गया था। नोएडा के सर्फाबाद गांव में स्थित फार्म हाउस में पूछताछ के लिए पुलिस उसे ले गई थी।

इसे नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट-1985 है। इसका इस्तेमाल नशीले पदार्थों को बनाने, खरीदने-बेचने और सेवन करने वालों के खिलाफ किया जाता है। इस एक्ट के तहत चरस, गांजा, अफीम, हेरोइन, कोकेन, मॉर्फीन, एलएसडी, एमएमडीए और अल्प्राजोलम जैसे नसीले पदार्थ आते हैं। इनमें से ज़्यादातर ड्रग्स का इस्तेमाल दवाइयों के लिए किया जाता है। लेकिन बिना लाइसेन्स के इसका इस्तेमाल प्रतिबंधित है। दोषी पाये जाने पर कोर्ट 10 से 20 साल तक जेल की सजा और 1 से 2 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाता है।

सांप के जहर की सप्लाई में आया था एल्विश यादव का नाम आपको जानकारी के लिए बता दे कि बीजेपी सांसद मेनका गांधी की संस्था पीपल फॉर एनिमल वेलफेयर आफिसर के पद पर तैनात गौरव गुप्ता ने एल्विश यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इस पर कार्रवाई करते हुए नोएडा पुलिस ने सेक्टर 49 इलाके में रेड की थी। इस कार्रवाई के दौरान 5 आरोपी पकड़े गए थे। नोएडा पुलिस को मौके से 20 मिली मीटर स्नेक वैमन और 9 जहरीले सांप मिले थे। उनमें से पांच कोबरा एक अजगर 2 दोमुंहा वाला सांप और एक रैट स्नैक शामिल थे। आरोपियों ने पूछताछ में एल्विश यादव की पार्टी में सांप और जहर के सप्लाई की बात बताया था।

### सांप के जहर की सप्लाई में आया था एल्विश यादव का नाम

आपको जानकारी के लिए बता दे कि बीजेपी सांसद मेनका गांधी की संस्था पीपल फॉर एनिमल वेलफेयर आफिसर के पद पर तैनात गौरव गुप्ता ने एल्विश यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।

## भाजपा नफरत फैलाती है, मुम्बई में राहुल गांधी ने निकाली जन न्याय पदयात्रा

मुम्बई। शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत न्याय जोड़ो यात्रा मुंबई में समाप्त हो गयी। इसके बाद आज यानि रविवार सुबह उन्होंने दक्षिण मुंबई में महात्मा गांधी के आवास मणि भवन से न्याय संकल्प पदयात्रा निकाली। इस पैदल मार्च में बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थक लोग शामिल हुए। इनके अलावा प्रियंका गांधी वाद्रा, अभिनेत्री स्वरा भास्कर और महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी ने भी कांग्रेस समर्थकों के साथ राहुल के पैदल मार्च में हिस्सा लिया। बता दें, न्याय संकल्प पदयात्रा शुरू करने से पहले राहुल गांधी ने गांधी संग्रहालय मणि भवन में जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। न्याय संकल्प पदयात्रा अगस्त क्रांति मैदान तक निकाली गयी, जहाँ राहुल गांधी ने कांग्रेस समर्थकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, हिंदुस्तान पहला देश है, जिसने आज़ादी की लड़ाई भी मोहब्बत के साथ लड़ी। मैं दक्षिण अफ्रीका गया तो नेल्सन मंडेला जी ने कहा कि- हमें आजादी की राह गांधी जी और हिंदुस्तान ने दिखाई है। उन्होंने आगे सवाल पूछा, अगर भारत मोहब्बत का देश है तो नफरत क्यों फैलाई जा रही है? हम कहते हैं कि भाजपा नफरत फैलाती है लेकिन इस नफरत का एक आधार



तो ज़रूर होगा। इस नफरत का आधार है अन्याय है। इस देश में हर दिन गरीबों, किसानों, दलितों, महिलाओं और युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है। देश में चंद अरबपतियों का लाखों-करोड़ों का कर्ज माफ हो जाता है, लेकिन किसानों का एक रुपया माफ नहीं होता।













## संपादकीय

### सीएए के लागू होने पर बवाल

लोकसभा चुनाव से पूर्व आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले पूरे देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम यानी सीएए को लागू करने के भले ही राजनीतिक निहितार्थ बताए जा रहे हों, लेकिन पड़ोसी देशों में धार्मिक उत्पीड़न के चलते भारत लौटे हजारों लोगों के लिये यह न्यायपूर्ण नागरिकता ही है। भले ही सीएए को हकीकत में बदलने में चार साल से अधिक का समय लग गया हो मगर यह कदम अपना सब कुछ गवां कर लौटे लोगों के सपने सच होने जैसा है। उनकी स्थिति असमंजस के चलते कष्टदायक बनी हुई थी। नये कानून के प्रावधानों के अनुसार अब पाकिस्तान, अफगानिस्तान व बांग्लादेश में अल्पसंख्यक के रूप में सताये गए हिंदू, सिख, बौद्ध, पारसी आदि लोगों को भारत आने पर नागरिकता मिलने में आसानी होगी। दरअसल, नागरिकता अधिनियम 1955 के अनुसार भारत में नागरिकता पाने के लिये देश में ग्यारह साल तक रहना जरूरी था। अब यह अवधि घटाकर छह वर्ष कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि जब 2019 में नागरिकता संशोधन अधिनियम को संसद की मंजूरी मिली थी तो भ्रम व राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते खासा विवाद हुआ था। दरअसल, व्याख्या की गई थी कि यह देश के अल्पसंख्यकों की नागरिकता पर संकट लाने वाला कदम है। केंद्र सरकार भी विरोधियों को यह समझाने में सफल नहीं हो सकी कि यह कानून किसी की नागरिकता छीनने वाला नहीं बल्कि पड़ोसी देशों में उत्पीड़न के बाद पलायन करने वाले भारतीय लोगों को न्यायपूर्ण नागरिकता देने के लिये है। लेकिन इस मुद्दे पर जमकर हुई राजनीति का शोर इतना प्रबल था कि सीएए के मुद्दे पर अनपेक्षित विवाद पैदा हुआ। दिल्ली में इसके विरोध में लंबा आंदोलन चला। जो कालांतर हिंसक टकराव में भी तब्दील हुआ। बहरहाल, सीएए को देश में लागू करके भाजपा ने अपने लक्षित वर्ग को यह विश्वास दिलाया कि उसने अपने कोर एजेंडे में शामिल अधिकांश मुद्दों को मूर्तरूप दे दिया है। ठीक चुनाव से पहले इसका क्रियान्वयन इसी ओर इशारा भी करता है। बहरहाल, वर्षों से भारत आकर नागरिकता की प्रतीक्षा कर रहे उन हजारों लोगों ने राहत की सांस ली होगी, जो लंबे समय से नागरिकता हासिल करने के लिये सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे थे। इन लोगों के पास दुनिया में कहीं दूसरा ठौर-ठिकाना भी नहीं था। बहरहाल, पड़ोसी देशों में विभाजन की विसंगतियों तथा उन देशों में बहुसंख्यक समाज की असहिष्णुता ने ऐसे हालात पैदा कर दिये थे कि धार्मिक अल्पसंख्यकों के पास भारत आने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। पिछले कुछ वर्षों में अफगानिस्तान में तख्ता पलट के बाद तालिबान ने जिस तरह का क्रूर व्यवहार हिंदू-सिखों के साथ किया था, उसके चलते इन समुदायों के अधिकांश लोग अफगानिस्तान छोड़ गये हैं। बहरहाल, अब नये कानून के तहत ये लोग अपनी नागरिकता के लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, इस मुद्दे का विरोध करने वालों के अपने तर्क हैं। इस मामले पर राजनीतिक प्रतिक्रिया भी स्वाभाविक है। इसको लेकर धर्म की राजनीति करने के आरोप भी लगाये जाते रहे हैं।

# चढ़ते सूरज को अर्घ्य देने को पाला बदला

**नेता पाला-बदल जुगाड़ में लगे हैं। उनकी सोच है कि यदि गले का दुपट्टा बदलने से स्वार्थ सिद्धि होती है, तो फिर उसमें बुराई क्या है!करीब साढ़े तीन साल पहले मध्यप्रदेश की राजनीति में एक भूचाल-सा आया था। तब कांग्रेस के नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने 22 समर्थक विधायकों के साथ पार्टी से विद्रोह किया था। नतीजतन कांग्रेस की तत्कालीन कमलनाथ सरकार भरभराकर गिर गई। वर्ष 2018 का विधानसभा चुनाव हारी भाजपा ने फिर प्रदेश में सरकार बना ली। लेकिन, सिंधिया के विद्रोह की जड़ें इतनी गहरे तक उतर गई, कि वो आज भी पल्लवित हो रही हैं।**




राजनीति एक ऐसी जगह है जहां सारे फैसले जमीर को किनारे रखकर लिए जाते हैं। इसमें जो कुछ होता है, वो सिर्फ तात्कालिक स्वार्थ के लिए होता है। नैतिकता, खुद्दारी और आत्मसम्मान को हाशिये पर रखकर वे ऐसे फैसले करते हैं, जिसमें निष्ठा और प्रतिबद्धता के लिए कोई जगह नहीं बचती। पार्टी बदल भी राजनीति में एक ऐसी ही घटना है, जो बहुत सामान्य हो गई। इन दिनों मध्यप्रदेश में कांग्रेस के नेताओं की भागमभाग लगी है। नेता पाला-बदल जुगाड़ में लगे हैं। उनकी सोच है कि यदि गले का दुपट्टा बदलने से स्वार्थ सिद्धि होती है, तो फिर उसमें बुराई क्या है!करीब साढ़े तीन साल पहले मध्यप्रदेश की राजनीति में एक भूचाल-सा आया था। तब कांग्रेस के नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने 22 समर्थक विधायकों के साथ पार्टी से विद्रोह किया था। नतीजतन कांग्रेस की तत्कालीन कमलनाथ सरकार भरभराकर गिर गई। वर्ष 2018 का विधानसभा चुनाव हारी भाजपा ने फिर प्रदेश में सरकार बना ली। लेकिन, सिंधिया के विद्रोह की जड़ें इतनी गहरे तक उतर गई, कि वो आज भी पल्लवित हो रही हैं। यही वजह है कि 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की सरकार बनने की संभावना आंककर कई भाजपा नेता कांग्रेस के पाले में आए थे। लेकिन, अब हवा उलटी चलती दिखाई दे रही है, तो लोकसभा चुनाव से पहले कई नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा का पल्ला थामने में लगे हैं। इनमें वे नेता भी हैं, जो पहले भाजपा से कांग्रेस में गए थे, वे अब यू-टर्न लेने लगे।

कुछ दिनों पहले मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके सांसद बेटे के भाजपा में जाने को लेकर भी बहुत हल्ला हुआ था। वह कोशिश राजनीतिक कारणों से साकार नहीं हो सकी, पर उसकी कमी कांग्रेस से चार बार राज्यसभा सदस्य रहे सुरेश पचौरी, पूर्व विधायक संजय शुक्ला, विशाल पटेल के साथ तीन बार के सांसद रहे गजेंद्रसिंह राजूखेड़ी ने पूरी कर दी। सभी समर्थकों संग भाजपा में शामिल हो गए।आखिर कांग्रेस में ऐसा क्या हो गया कि उसमें भगदड़ जैसे हालात बन गए। रोज कोई न कोई बड़ा नेता भाजपा खेमे में खड़ा दिखाई देने लगा। इसके मूल में राजनीतिक कारणों से इतर कोई न कोई स्वार्थ नजर आता है। किसी ने टिकट न मिलने से नाराज होकर पार्टी छोड़ दी तो कुछ नेताओं के कारोबार पर आया संकट इसकी वजह है। लेकिन, सुरेश पचौरी जैसे 72 साल के नेता का कांग्रेस से क्यों मोहभंग हुआ और भाजपा में उनका क्या उपयोग है, ये किसी को समझ से परे है। कांग्रेस छोड़ने वाले ज्यादातर नेताओं का कहना है, कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का राम मंदिर लोकार्पण समारोह का निमंत्रण ठुकराना सही फैसला नहीं था। पार्टी में भगदड़ के जो हालात बने, उसका मूल कारण फिलहाल तो यही बताया जा रहा है। कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को अंदाजा नहीं था कि इस फैसले का खमियाजा उन्हें इस तरह भुगतना पड़ेगा।कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने के फैसले को कम से कम राजनीतिक विचारधारा में बदलाव तो नहीं कहा जा सकता। विचारधारा की जड़ें इतनी कच्ची नहीं होती कि झटके में उखड़ जाएं। अन्य कारण भी हैं, जिससे ये नेता कांग्रेस छोड़ने को मजबूर हुए। इंदौर के धन्नासेठ पूर्व विधायक संजय शुक्ला ने अपने विधायक कार्यकाल में क्षेत्र के लोगों को अयोध्या की मुफ्त यात्रा कराई। राम मंदिर लोकार्पण को लेकर कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व के रवैये ने उन्हें आहत किया। ऐसे ही हर नेता के पास कोई न कोई तार्किक कारण है। एक आंकड़े के अनुसार पांच हजार से अधिक कांग्रेसियों ने पार्टी का 'हाथ' छोड़ दिया। ऐसे नेताओं की भी कमी नहीं, जो पहले भाजपा में रहे, फिर माहौल बदला तो कांग्रेस में आ गए, चुनाव जीतकर सांसद और विधायक बने और अब वापस लौट गए या लौटने वाले हैं। धार संसदीय क्षेत्र से तीन बार सांसद और एक बार मनावर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे आदिवासी नेता गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी ने भी गले में भाजपा का भगवा गमछा डाल लिया। जबकि, राजूखेड़ी का रणनीति में पदार्पण भाजपा का झंडा थामकर हुआ था। उन्होंने 1989 में मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री रहे कांग्रेस नेता शिवभानु सिंह सोलंकी को मनावर में हराया था। लेकिन, इसके बाद वे भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आ गए और तीन बार सांसद चुने गए। उनका आरोप है कि कांग्रेस ने उनकी उपेक्षा की। लोकसभा चुनाव पैनल से नाम कटने पर उन्होंने पार्टी को अलविदा कहा।वैसे इस दलदल से भाजपा को भी देर-सवेर नुकसान हो सकता है।? इन नेताओं के आने से भाजपा के प्रतिबद्ध नेता हाशिये पर चले जाएंगे। जैसे ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके पूरे गुट के भाजपा में जाने के बाद प्रदेश के उन इलाकों में भाजपा के नेता हाशिये पर चले ही गए, जहां सिंधिया-गुट का दबदबा था। लेकिन राजनीति को हमेशा फास्टफूड की तरह देखा जाता है। तात्कालिक रूप से भाजपा को अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को खत्म करने का मौका मिल रहा है।

# चरमराई गठबंधन, नेताओं की नौटंकी से बेहाल हुआ विपक्ष



**दीदी मुख्यमंत्री हैं, देश की शीर्ष नेताओं में से एक। मुख्यमंत्री काफिले में हमेशा एक एंबुलेंस होती है, डॉक्टर होता है, बेहतरीन फर्स्ट एड किट होती है। लेकिन, दीदी के हॉस्पिटल पहुंचने तक ना किसी ने घाव को दबाया, साफ किया, ना बेसिक फर्स्ट एड दिया। यहां तक कि दीदी के मुंह से बहता खून तक साफ नहीं किया गया। यें नेता जनता को ऐसे ही बेवकूफ समझते हैं।**

**पंकज कुमार मिश्रा, मिडिया विश्लेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी**

आप के घर में, जब किसी को भी चोट लगती है, हल्का सा भी खून निकलता है तो आप क्या करते हैं? चोट को तत्काल साफ, उस पर कपड़ा, बैंडेज या खुद गॉज लगा के, खून रोकते हैं हॉस्पिटल ले जाने तक पर पश्चिम बंगाल में ममता बैनर्जी की दुविधा और नाटक देख लीजिये ! चोट लगा और बिना खून साफ हुए फोटो खिचवा कर उसे मिडिया में लीक कर सहानुभूति के जरिये मोदी को मात देने की सोच बता रहा कि विपक्ष की हवा उल्टे दिशा में बह चली है। दीदी मुख्यमंत्री हैं, देश की शीर्ष नेताओं में से एक। मुख्यमंत्री काफिले में हमेशा एक एंबुलेंस होती है, डॉक्टर होता है, बेहतरीन फर्स्ट एड किट होती है। लेकिन, दीदी के हॉस्पिटल पहुंचने तक ना किसी ने घाव को दबाया, साफ किया, ना बेसिक फर्स्ट एड दिया। यहां तक कि दीदी के मुंह से बहता खून तक साफ नहीं किया गया। यें नेता जनता को ऐसे ही बेवकूफ समझते हैं। पर जनता समझती नहीं, खैर प्रभु दीदी को जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ प्रदान करे। उधर डॉक्टर सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा है कि इलेक्टोरल बॉन्ड कांड एक आर्थिक अपराध है जिसने मोदी सहित पूरे बीजेपी को गड्ढे में डाल दिया है ! उन्होंने टोटी मिडिया के यूट्यूबर किसी अंजुम के चैनल पर इंटरव्यू में कहा है वे इलेक्टोरल बॉन्ड के मसले पर जनहित याचिका दायर करेंगे क्योंकि देश के मतदाताओं ने जिस पार्टी और नेता पर 2014 और 2019 में विश्वास किया और बहुमत के साथ भारत के केंद्र सरकार की सत्ता दी और जो अपने को चौकीदार कहता था वही चौकीदार चोर निकला। स्वामी ने कहा कि यदि मोदी ने इस्तफा नहीं दिया तो बीजेपी का सत्ता से बाहर जाना निश्चित है क्योंकि अमेरिका के निक्सन सरकार के वाटरगेट कांड से भी भयानक और बड़ी चोरी है इसलिए ऐसे व्यक्ति को सरकार में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है! उधर पश्चिम बंगाल ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर भारत में वामदलों और कांग्रेस को अपने वजूद को बचाए रखने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ रही है।आधी सदी से ज्यादा समय तक देश की सत्ता पर काबिज रही कांग्रेस और तीन दशक लंबे समय तक शासन की धुरी रहे वाम दल पश्चिम बंगाल में अप्रासंगिक हो चले हैं। बीते लोकसभा चुनाव में भी वामदलों को कोई सीट नहीं मिली थी, जबकि कांग्रेस महज दो सीटों ही जीत पाई थी। दोनों दलों का एक भी प्रतिनिधि विधानसभा में भी नहीं है!

खिसकते जनाधार और मतदाताओं पर ढीली होती पकड़ ने दोनों दलों को हाशिए पर ला दिया है। पश्चिम बंगाल ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर भारत में वामदलों और कांग्रेस को अपने वजूद को बचाए रखने के लिए काफी मेहनत करने की आवश्यकता है। स्थिति यह है कि कांग्रेस और वामदलों के नेताओं को दोबारा खड़े होने की राह भी नहीं सूझ रही। कांग्रेस के पतन के बाद पश्चिम बंगाल में कभी लाल सलाम के वाहक रहे वामदलों ने राज्य की सत्ता पर तीन दशक से ज्यादा समय तक स्वर्गीय ज्योति बसु और अन्य दिग्गज वामपंथी दलों ने बंगाल की सत्ता में काबिज रही! ममता बनर्जी ने कांग्रेस पार्टी को छोड़ कर पश्चिम बंगाल में अपनी क्षैत्रिय पार्टी तृणमूल कांग्रेस बना ली और कांग्रेस पार्टी से काफी नेता टीएमसी में शामिल हो गए । काफी संघर्ष के बाद ममता ने बंगाल। की सत्ता में आ गई और शक्तिशाली नेता बन गई हैं। इसके बाद से राज्य के मतदाताओं पर वाम दलों की पकड़ लगातार कमजोर हो रही है। कांग्रेस के लिए भी खुद को प्रासंगिक बनाए रखना चुनौती से कम नहीं है। ऐसे में तृणमूल से नाराज मतदाताओं के लिए भाजपा विकल्प के रूप में सामने आई। लोकसभा 2019 और विधानसभा 2021 के चुनावों में भाजपा ने राज्य की राजनीति में जिस तरह से खुद को स्थापित किया है, कांग्रेस और वामदलों की राह और दुरूह हो गई है।वर्तमान में दोनों दल जिस दौर से गुजर रहे हैं, उससे कहीं बेहतर स्थिति साल 2011 में थी। विधानसभा चुनाव 2011 में वाम दलों का मत प्रतिशत 37.9 फीसदी था, जो 5 साल में ही करीब 50 फीसदी गिर गया। वहीं कांग्रेस ने इसी चुनाव में 9.1 फीसदी वोट के साथ 42 सीटों पर जीत दर्ज की थी। बीते 13 सालों में ही कांग्रेस और वामदलों ने अपनी जमीन छोड़ दी है। एक ओर देशभर में 'इंडिया' गठबंधन को लेकर कांग्रेस जमीन-आसमान एक किए हुए है, पश्चिम बंगाल में पार्टी नेतृत्व गुब्बारे की हवा निकाल रहा है। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी आए दिन ऐसे बयान देकर सुर्खियां बटोरते रहे हैं, जो तृणमूल नेता और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को नागवार गुजरे। ऐसे में प्रदेश में दोनों दलों के बीच जिस समझौता का प्रयास हो रहे हैं, जो संभव नहीं हो पाता दिख रहा है। उपरोक्त वर्णित हालात में देशभर में 'इंडिया' गठबंधन पर दांव लगा रहा विपक्ष

# कन्नड़ फीचर फिल्म 'पाउडर' की शूटिंग संपन्न





द वायरल फीवर बैनर सिनेफलक पर उभरता हुआ एक ऐसा नाम है जो शानदार कंटेंट दर्शकों के सामने पेश करने के लिए जाना जाता है। 'द वायरल फीवर' एक इंडियन कंटेंट प्लेयर है जिसके 'आईएमडीबी' की टॉप 250 लिस्ट में 7 शोज शामिल हैं, जबकि टोटल इंडिया की ओर से इस लिस्ट में 10 वेब सीरीज शामिल हैं। 'द वायरल फीवर' प्रोडक्शन हाउस के पास साल 2024 में कुल 16 शोज का आकर्षक व दिलचस्प लाइनअप है। खास करके सबसे चर्चित शोज 'पंचायत', 'गुल्लक' और 'कोटा फैक्ट्री' के अगले सीजन के साथ 'द वायरल फीवर' इस वर्ष धमाल मचाने के लिए तैयार है। अब 'द वायरल फीवर' अपनी नवीनतम प्रस्तुति कन्नड़ फीचर फिल्म 'पाउडर' के साथ अपने पंख फैला कर अपनी नई उड़ान को भरने के लिए तैयार है। इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है।

प्रस्तुति :काली दास पाण्डेय

# चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बॉन्ड का डाटा जारी किया

गोंदिया- वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में होने वाले लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा 16 मार्च 2024 को दोपहर 3 बजे घोषित हो चुकी हैजिसके सटीक अनुमान मैंने मेरे दिनांक 9 मार्च 2024 के आर्टिकल की हेडिंग, लोकसभा चुनाव 2024, तारीखों की घोषणा 14 -15 मार्च 2024 को होने की संभावना, सात चरणों में मतदान व अप्रैल के दूसरे सप्ताह में प्रथम चरण का मतदान होने की संभावना के साथ प्रिंट मीडिया व पोर्टेबल चैनलों में प्रकशित हुआ था जो करीब करीब सटीक साबित हुआ है जो रेखांकित करने वाली बात है। बड़े बुजुर्गों की कहावत है कि पल-पल में स्थितियां परिस्थितियां बदल जाती है इसका अंदाजा भी नहीं लग पाता, जो अब सटीक सिद्ध हो रहा है क्योंकि हमने तो सपने में भी नहीं सोचा था कि चुनाव आयोग द्वारा खुद राजनीतिक पार्टियों के द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से चुनावी चंदा इतनी बड़ी भारी मात्रा में उठाया जाता है। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड डाटा और इमेज से हमने देख कि सत्ताधारी पार्टी ने सबसे अधिक करीब 6000 करोड़ से अधिक दान उठाया है तो बंगाल की पार्टी नें भी भारी मात्रा में दान उठाया है आंकड़े 2019 से 2023 तक दिए हैं जो देखकर मेरा अनुमान है कि भारत ही नहीं एब्रॉड में भी लोगों को हैरानी हुई होगी। अब मेरा मानना है कि चूंकि अब चुनाव अधिकारी ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड का डाटा जारी कर दिया है और अब 16 मार्च 2024 को चुनाव की तारीखों की घोषणा भी हो चुकी है, अब उम्मीदवार पर्चा दाखिल करेंगे तो उन्हें अपनी संपत्ति की भी घोषणा करनी होगी तो जनता इन दोनों डाटा को चुनाव में वोट देने से पहले रेखांकित जरूर करेगी ऐसा मेरा मानना है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे लोकसभा चुनाव 2024 में वोट देते समय चुनाव आयोग द्वारा जारी 763 पेजों की लिस्ट को उल्लेखित राजनीतिक पार्टियों व कंपनियों को जनता द्वारा रेखांकित करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।



साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग द्वारा दिनांक 14 मार्च 2024 को अपनी वेबसाइट पर जारी इलेक्टोरल बॉन्ड के डाटा की करें तो, चुनाव आयोग ने गुरुवार (14 मार्च) को इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा अपनी वेबसाइट पर जारी कर दिया। वेबसाइट पर 763 पेजों की दो लिस्ट अपलोड की गई हैं। एक लिस्ट में बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी है। दूसरी में राजनीतिक दलों को मिले बॉन्ड की डिटेल है।चुनावी बॉन्ड का डेटा 12 अप्रैल 2019 से 11 जनवरी 2024 तक का है। राजनीतिक पार्टियों को सबसे ज्यादा चंदा देने वाली कंपनी फ्यूचर गेमिंग और होटलसर्विसेज पीआर है, जिसने 1,368 करोड़ के बॉन्ड खरीदे। कंपनी ने ये बॉन्ड 21 अक्टूबर 2020 से जनवरी 24 के बीच खरीदे। कंपनी के खिलाफ लॉटरी रेगुलेशन एक्ट 1998 के तहत और आईपीसी के तहत कई मामले दर्ज हैं। सत्ताधारी पार्टी सबसे ज्यादा चंदा लेने वाली पार्टी है। उसको सबसे ज्यादा 6,060 करोड़ रुपए मिले हैं। चुनावी बॉन्ड इनकैश कराने वाली पार्टियों में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, एआईएडीएमके, बीआरएस, शिवसेना, टीडीपी, वायएसआर कांग्रेस, डीएमके, जेडीएस, एनसीपी, जेडीयू और राजद भी शामिल हैं।चुनाव आयोग नें वेब पर चुनावी बॉन्ड का डेटा अपलोड किया है। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को 15 मार्च तक डेटा सार्वजनिक करने का आदेश दिया था। इससे पहले भारतीय स्टेट बैंक ने 12 मार्च 2024 को सुप्रीम कोर्ट में डेटा सबमिट किया था। कोर्ट के निर्देश पर ने चुनाव आयोग को बॉन्ड से जुड़ी जानकारी दी थी। कोर्ट के निर्देश पर एसबीआई ने चुनाव आयोग को बॉन्ड से जुड़ी जानकारी दी थी।दोनों लिस्ट में बॉन्ड खरीदने वालों और इन्हें इनकैश कराने वालों के तो नाम हैं, लेकिन यह पता नहीं चलता कि किसने यह पैसा किस पार्टी को दिया?इस मामले में याचिका लगाने वाले वकील ने सवाल उठाया कि एसबीआई ने वह यूनिक कोड नहीं बताया, जिससे पता चलता कि किसने-किसे चंदा दिया। ऐसे में कोड की जानकारी के लिए वे फिर सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं। कांग्रेस ने इलेक्टोरल बॉन्ड के डेटा पर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने कहा, दानदाताओं और इसे लेने वालों के आंकड़े में अंतर है। दानदाताओं में 18,871 एंट्री है, जबकि लेने वालों में 20,421 की एंट्री है। पार्टी ने यह भी पूछा है कि यह योजना 2017 में शुरू हुई थी तो इसमें अप्रैल 2019 से ही डेटा क्यों है?आयोग का कहना है कि उसे यह जानकारी एसबीआई से ऐसी ही मिली है।2019 से 2024 के बीच 1334 कंपनियों लोगों ने कुल 16,518 करोड़ रु. के बॉन्ड खरीदे। 27 दलों ने भुनाए। इस जानकारी को दो हिस्सों में जारी किया गया है। पहले हिस्से में 336 पन्नों में उन कंपनियों के नाम हैं जिन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड ख़रीदा है और उसकी राशि की जानकारी भी दी गई है। जबकि दूसरे हिस्से में 426 पन्नों में राजनीतिक दलों के नाम हैं और उन्होंने कब कितनी राशि के इलेक्टोरल बॉन्ड कैश कराए उसकी विस्तृत जानकारी है।साथियों बात अगर हम चुनावी बॉन्ड स्कीम के विवाद में आने की करें तो, 2017 में तत्कालीन वित्त मंत्री ने इसे पेश करते वक्त दावा किया था कि इससे राजनीतिक पार्टियों को मिलने वाली फंडिंग और चुनाव व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी। ब्लैक मनी पर अंकुश लगेगा। वहीं ,विरोध करने वालों का कहना था कि इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाले की पहचान जाहिर नहीं की जाती है, इससे ये चुनावों में काले धन के इस्तेमाल का जरिया बन सकते हैं।बाद में योजना को 2017 में ही चुनौती दी गई, लेकिन सुनवाई 2019 में शुरू हुई। 12 अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सभी पॉलिटिकल पार्टियों को निर्देश दिया कि वे 30 मई, 2019 तक में एक लिफाफे में चुनावी बॉन्ड से जुड़ी सभी जानकारी चुनाव आयोग को दें। हालांकि, कोर्ट ने इस योजना पर रोक नहीं लगाई।बाद में दिसंबर, 2019 में याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए एक आवेदन दिया। इसमें मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया कि किस तरह चुनावी बॉन्ड योजना पर चुनाव आयोग और रिजर्व बैंक की चिंताओं को केंद्र सरकार ने दरकिनार किया था

**किशन सनमुखदास भावनानी**

## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।** - सम्पादक

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल ( पोर्टल ) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सम्पर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

नशेबाज पूर्व फौजी की हरकत

# स्ट्रीट डॉग को पीटकर मार डाला

## घर के बाहर बैठी मादा डॉग को डंडे के प्रहार से उतारा मौत के घाट एक संस्था ने चकेरी थाने में दी तहरीर सीसीटीवी में कैद हुई घटना स्थानीय लोगों में आक्रोश






बीपीएस न्यूज

कानपुर ।इंसान अपने अलावा किसी को नहीं देखना चाहता है। जंगल, जीव, जंतु सभी का सफाया करने में जुटा है। यह प्राकृतिक नियमों के बहुत ही विपरीत है। कानपुर शहर के चकेरी में एक स्ट्रीट डॉग के साथ हुई घटना ने हिलाकर रख दिया। इनपुट के मुताबिक चकेरी थाना क्षेत्र के सहदुल्लापुर में एक मोहल्ले में कई स्ट्रीट डॉग घर के बाहर बैठे आराम कर रहे थे। इनमें से एक मादा डॉग सो रही थी। इसी बीच मोहल्ले का रिटायर्ड फौजी नशेबाज चंदन सिंह ने एक डंडे से मादा डॉगी के सिर पर तेजी से वार किया। जिससे डॉग की तडप कर कुछ सेकंड बाद मौत हो गई। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि सप्ताह भर पहले उस डॉग ने कई पिल्लों-पपी को जन्म दिया था। वहीं, घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। हरिशकुन जीव आश्रय की संयोजिका वाणी पांडेय ने चकेरी पुलिस को लिखित में शिकायत की। इसपर चकेरी इंस्पेक्टर अशोक दुबे ने बताया कि आरोपित चंदन सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। उसकी तलाश की जा रही है।



आरोपी चंदन सिंह

### इसके पहले भी जानवरों के साथ हुई अमानवीयता

कानपुर सिटी में इसके पहले भी जानवरों एवं पशुओं के साथ अमानवीयता हो चुकी है। इसमें स्ट्रीट डॉग, गायों और बछडों के मुंह में विस्फोटक लगाकर उडाने जैसी घटनाएं हो चुकी हैं। किदवईनगर में बीते वर्ष एक बंदर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ऐसे कई मामले हैं जो कि मानवता को कलंकित कर रहे हैं। वैसे शहर में कई एनजीओ सक्रिय हैं जो कि जीव और जंतुओं की सुरक्षा और संरक्षा पर काम करती हैं लेकिन जबतक हर इंसान इसके लिए सजग नहीं होगा तबतक कुछ नहीं हो सकता है।

# कानपुर सड़क हादसा: हाईवे पर डंपर से टकराई बस, उड़ गए परखच्चे

## चालक की मौत, 17 सवारियां गंभीर रूप से घायल

बीपीएस न्यूज

कानपुर। नौबस्ता थाना क्षेत्र में हाईवे पर खड़े डंपर से बस की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में चालक की मौत हो गई, जबकि 17 सवारियां घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया है। कानपुर में नौबस्ता थाना क्षेत्र के हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इसमें तेज रफ़्तार बस सड़क किनारे खड़े डंपर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। हादसे में चालक की मौत हो गई, जबकि 17 सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं।

सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों का कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि बस सवारियां लेकर राजस्थान से रायबरेली जा रही थी। इसी दौरान रामादेवी की तरफ जाने वाले मार्ग पर प्रताप होटल के पास सुबह साढ़े छह बजे हादसा हो गया। इससे सवारियों में चीख पुकार मच गई।

पुलिस ने बताया कि हादसे में चालक की मौत हो गई है, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। सूचना पर तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को बस से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। यातायात और लॉ एंड ऑर्डर की कोई समस्या नहीं है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।





# 79 शिकायतों में से मात्र 6 का निस्तारण

कानपुर देहात। भोगनीपुर तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम वित्त एवं राजस्व केशवनाथ गुप्ता ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना। इस अवसर पर कुल प्राप्त 79 शिकायतों में से मात्र छः का निस्तारण मौके पर किया गया तथा शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध निस्तारण के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों,कर्मचारियों को दिए गए।शनिवार को भोगनीपुर तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जहां पर एडीएम वित्त एवं राजस्व केशवनाथ गुप्ता ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना।

इस दौरान सर्वाधिक 36 जमीनी विवाद संबंधी शिकायतों दर्ज कराई गई।पुलिस विभाग की 17,खंड विकास अधिकारी अमरौधा 08,चकबंदी 04,खंड विकास अधिकारी मलासा 03,आपूर्ति 02 तथा अन्य मामलों संबंधी 09 शिकायतें फरियादियों द्वारा दर्ज कराई गई। एडीएम वित्त एवं राजस्व केशवनाथ गुप्ता ने शिकायतों को सुना तथा कुल प्राप्त 79 शिकायतों में से 06 का निस्तारण मौके पर कराया वहीं शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध निस्तारण के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिए गए।उमरिया गांव के रामेश्वर ने गांव में धार्मिक कुआं पर अवैध कब्जेदारों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने के संबंध में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि गांव की आराजी नंबर 64 में कुंआ स्थित है।जो कि लोगों की आस्था के संबंध में है।जिस पर शादी विवाह के समय पूजन इत्यादि का कार्य किया जाता है।मामले के संबंध में पूर्व में भी तीन फरवरी को सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था।परंतु मामले की ठीक से जांच नहीं की गई तथा झूंठी रिपोर्ट बनाकर तहसील में प्रस्तुत कर दी गई।एडीएम वित्त एवं राजस्व केशस्वनाथ गुप्ता ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण अधिकारी,कर्मचारी मौके पर पहुंचकर समय के अंदर कराना सुनिश्चित करें।इस कार्य में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली बर्दास्त नहीं की जायेगी।शिकायतों का फीडबैक लिया जाएगा।इस मौके पर उपजिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह,तहसीलदार सुनील कुमार,नायब तहसीलदार राकेश सिंह,खंड विकास अधिकारी मलासा संजू सिंह,उप खंड अधिकारी आर के वर्मा,चिकित्साधीक्षक डॉक्टर अनूप सचान,इंस्पेक्टर जीतेंद्र सिंह सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# पत्नी के अपने कॉन्स्टेबल पति के खिलाफ लगाये आरोप दर्ज कराई एफआईआर

बीपीएस न्यूज

कानपुर । एक पत्नि अचानक महिला कमिश्नर के सामने पहुंच गयी और अपने पति के खिलाफ शिकायत करने लगी। कारण यह था कि महिला द्वारा अपने पति की दूसरी महिलाओं के साथ अवैध सम्बन्ध होना और इसका सबूत भी पत्नि साथ लेकर आई थी। फिलहाल पूरे मामले को संज्ञान मे लेते हुए शिकायत के आधार पर अधिकारियों द्वारा कॉन्स्टेबल पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए गए है। यह अनोखा मामला कानपुर से है, जहां एक कॉन्स्टेबल की पत्नि ने महिला कमिश्नर के समक्ष प्रस्तुत होकर अपने पति पर आरोप लगाते हुए बताया कि उसके पति के दूसरी अन्य महिलाओं के साथ अवैध सम्बन्ध है। इतना ही नही पत्नि द्वारा अपने कॉन्स्टेबल पति के कई तस्वीरे तथा आपत्ति जनक वीडियों भी महिला कमिश्नर को दिखाए गऐ। पत्नि की शिकायत के बाद आधिकारियों द्वारा कॉन्स्टेबल पति पर एफआईआर के आदेश दिए गये तो वहीं कॉन्स्टेबल पति घर से गायब हो गया है।



# चुनाव में 37 थानो के बीच 70 जनसभाएं करेगी सपा



बीपीएस न्यूज

कानपुर। समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के 43 लोकसभा क्षेत्र के गोविंद नगर आर्य नगर सीसामाऊ किदवई नगर कैंट विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रणनीतिकारों की एक बैठक महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में शांय 4ः00 बजे सपा कार्यालय 7 नवीन मार्केट में आरंभ हुई !बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि सपा ने 43 लोकसभा क्षेत्र के 1607 बूथों पर पांच सदस्यीय टीम गठित कर दी गयी है जो बूथों के पास रहने वाले परिवारों में पहुंचकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की आर्थिक नीतियों बेरोजगारी तथा बढ़ती महंगाई के साथ पीडीए की नीतियों को अवगत कराकर आगामी लोकसभा चुनाव में विजय हासिल की जाएगी ।

महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने आगे कहा कि 37 थानों के बीच 70 जनसभाएं सपा करेगी जिसके लिए 21 सदस्यीय वक्ताओं की टीम गठित कर उसका रिहर्सल पूरा कर लिया गया है जो चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए सभाओ में संबोधन करेंगे इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार करके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेज दी गई है।

बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सचिव के के शुक्ला महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर परमवीर सिंह गंभीर सत्यनारायण गहरवार नंदलाल जायसवाल अर्पित त्रिवेदी अनुराग पांडे सुलेखा यादव वंदना दिवाकर संजय निषाद अंश राजपूत मुमताज मंसूरी वरुण जयसवाल अल्तमश सिद्दीकी जसवेंद्र प्रताप निषाद अनिल चौबे आदि लोग उपस्थित रहे।

# गांजा तथा नकदी के साथ पकड़ा गया अपराधी



बीपीएस न्यूज

कानपुर। थाना छावनी के अंतर्गत पुलिस द्वारा एक नशे के कारोबारी को गंगा पुलिस के नीचे से दबोच लिया गया। पकडे गये अपराधी के पास से पुलिस को गांजा तथा नकद रूपये की बरामदगी हुई है।

जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष छावनी कमलेश राय को मिली सूचना के आधार पर कमलेशराय के नेतृत्व में गंगा पुलिस के नीचे दबिश दी गयी और वहां एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जाता है कि पकडे गये व्यक्ति का नाम अजय कश्यप है और वह नशे का कारोबार करता है। पकडे गये अभियुक्त के पास से 650 ग्राम गांजा तथा 2900 रूपए नकद बराम किए गऐ है। ममला पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

अभियुक्त को पकडे वाली टीम में थानाध्यक्ष कमलेश राय के साथ उ0नि0 जितेंद्र सिंह, मनोज कुमार, विनीत कुमार, रोहित तोमर तथा ज्ञानेंद्र सिंह शमिल रहे।

# आंखों की गंभीर बीमारी, काला मोतिया यानी ग्लूकोमा बड़ी संख्या में लोगों को बना रही शिकार




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। आंखों की गंभीर बीमारी काला मोतिया यानी ग्लूकोमा बड़ी संख्या में लोगों को अपना शिकार बना रही है आजकल ये बीमारी उम्रदराज ही नहीं, बल्कि कम उम्र के युवाओं में भी देखने को मिल रही है. लेकिन, फिर भी इस बीमारी को लेकर लोगों के बीच जागरूकता कम है. ऐसे में लोगों के बीच इस बीमारी को लेकर जागरूकता लाने के लिए हर साल 12 मार्च को वर्ल्ड ग्लूकोमा डे और 10-16 मार्च को वर्ल्ड ग्लूकोमा वीक मनाया जाता है. विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के अवसर पर ग्लूकोमा की जागरूकता जगानेके क्रम में आज नेत्र विभाग गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर तथा कानपुर ऑफ़्थेलमिक सोसाइटी के तत्वाधान में एक ग्लूकोमा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है ।

रैली को प्रिंसिपल डॉक्टर संजीव काला के निर्देशन में रवाना किया गया। जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर नंदनी रस्तोगी अध्यक्ष आई एम ए कानपुर , डॉक्टर कुणाल सहाय सेक्रेटरी, डॉक्टर शालिनी मोहन प्रो एवं विभागाध्यक्ष नेत्र, डॉक्टर सोनिया दमेले अध्यक्ष कानपुर आफ्थेलमिक सोसाइटी,सचिव डॉक्टर पारुल सिंह सेक्रेटरी कानपुर ऑफ्थेलमिक सोसाइटी तथा रामा मेडिकल कॉलेज की प्रो एवं विभागाध्यक्ष डॉक्टर रुचिका अग्रवाल सम्मिलित हुई है ।डॉक्टर कुणाल सहाय ने कहा ग्लूकोमा क्योंकि परिवारों में जीन जाता है इसलिए यदि किसी परिवार में ग्लूकोमा की समस्या है तो वो अवश्य ही अपनी आँखों की जाँच करायें। जिससे कि इस बीमारी को समय से पकड़कर उसका इलाज किया जा सके। इस अवसर पर डॉक्टर नम्रता पटेल , डॉक्टर सुरभी अग्रवाल , डॉक्टर स्नेहा रंजन, डॉक्टर कंचन किरण तथा अन्य नेत्र विभाग की छात्र एवं छात्राएँ और स्टूडेंट नारे लगाते गई, जैसे की जन जन को जगाना है ग्लूकोमा भगाना ह ऐसे लोगों को जागरूक करते हुए गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज के प्रांगड़ से मोतीझील तक जाकर उन्होंने जागरूकता जगायी।

# जीएसवीएम मेडिकल कालेज में बनेगा हाईटेक परीक्षा हाल

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर के जीएसीएम मेडिकल कॉलेज के मुख्य प्रशासनिक भवन में जल्द ही 500 की क्षमता का उच्च तकनीक से सुसज्जित परीक्षा हॉल यानि हाईटेक परीक्षा हाल का निर्माण कराया जायेगा। इस परीक्षा हॉल के निर्माण के लिए केंद्र द्वारा पांच करोड रूपये जारी कर दिए गए है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में अब जल्द ही एक हाईटेक परीक्षा हॉल का निर्माण कराया जायेगा। यह परीक्षा हाल कालेज के मुख्य प्रशासनिक भवन में बनाया जायेगा जो उच्च तकनीक से सुसज्जित एक हाईटेक हाल होगा और इस हाल में 500 छात्र-छात्राओं के बैठने की क्षमता होगी। इस सम्बनध में बताया जाता है कि मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की सीट बढाई गयी थी, जिसके बाद परीक्षा हाल छोटा पडने लगा था और तभी से एक नए बडे परीक्षा हाल के बारे में विचार किया जा रहा था। इस सम्बन्ध में एक प्रस्ताव शासन को भेजा गया था और शासन द्वारा उस प्रस्ताव को पास करते हुए पांच करोड की राशि भी जारी कर दी गयी है, जिसके बाद अब टेंडर की प्रक्रिया आरम्भ होनी है। बताया जाता है कि इस नए बनने वाले हाईटेक हाल में आडियों विजुअल सिस्टम लगाया जायेगा, जिसे प्रचार्य कक्ष और परीक्षा नियंत्रक कक्ष से जोडा जायेगा। इसका लाभ यह होगा कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों पर नजर रखी जा सकेगी।

# रमजान में एकत्रित कूड़े के ढेरों और आवारा जानवरों की समस्या के विरुद्ध सत्याग्रह



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। रमजान के वक्त जूही लाल कॉलोनी और निराला नगर में लगे कूड़े के ढेरों पर आक्रोशित क्षेत्रीय लोगों,रोजेदारों और दुकानदारों ने आज सपा नेता अभिमन्यु गुप्ता के नेतृत्व में नगर निगम प्रशासन को जगाओ सत्याग्रह करते हुए नगर निगम से रमजान के दौरान इस अमानवीय व नरकीय स्तिथि से छुटकारा दिलवाने की मांग करी।क्षेत्रीय लोगों ने कूड़ा नहीं ये मौत है प्रशासन की सौगात है आदि पोस्टर लेकर सत्याग्रह किया। सपा नेता अभिमन्यु गुप्ता ने कहा की तीन महीने से निराला नगर कूड़ा घर बन कर तैयार है पर न ही कूड़ा घर शुरू हुआ

और न ही कूड़ा यहां से नियमति तरीके से हटता है।रमजान के वक्त मिश्रित आबादी वाले जूही लाल कॉलोनी और निराला नगर क्षेत्र में कूड़े के ढेर पर एक तरफ तो ढेरों बीमारियां पनप रही हैं और वहीं आवारा जानवर जैसे की कुत्ते और सांड भी एकत्रित रहते है।क्षेत्रीय लोग,रोजेदार और दुकानदार बेहद परेशान हैं और बदबू,बिमारियों,आवारा जानवरों के हमले के बीच रहने को मजबूर हैं।सत्याग्रह के माध्यम से नगर निगम से मांग की गई की क्षेत्रीय जनता को कूड़े के ढेरों और आवारा जानवरों की समस्या से मुक्ति दिलवाएं और नवनिर्मित कूड़ा घर शुरू करवाएं।अभिमन्यु गुप्ता, साकिफ कुरैशी,काले खान,सरफराज अहमद,दीपू श्रीवास्तव,रिंकू गुप्ता,रोहित सेठ,आमिर, टीटू, वाहिद, विजय, राजू, हारून, रजा, वसीम आदि थे।

# सुरेंद्र मैथानी ने आनंद नगर सड़क का किया शिलान्यास



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने आनंद नगर सड़क का शिलान्यास किया जिसकी लागत 22.50 लाख है। सैयद नगर में इंटरलॉकिंग रोड एवं नाली का शिलान्यास किया जिसकी लागत ? 8.60 लाख है। नमक फैक्ट्री से शनेश्वर मंदिर चौराहे तक रोड सुधार का कार्य का शिलान्यास किया जिसकी लागत10 लाख है। विधायक ने बताया कि आज कुल तीन सड़क एवं नाली का शिलान्यास किया गया है जिसकी कुल लागत 41.1 ( इकतालीस लाख) है।विधायक जी ने बताया कि पिछले कई वर्षों से उक्त सड़क नाली का निर्माण नहीं हुआ था, जिससे स्कूली रिक्शे बच्चों के एवं बुजुर्ग एवं महिलाएं तथा एंबुलेंस का निकलना भी दुबार हो गया था जिसकी वजह से आए दिन आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था तथा साइकिल सवार भी साइकिल से चल पाने में भी असमर्थ हो रहे थे और ऊपर से बरसात में पूरी सड़क नाली के रूप में भीषण बज बजा जाती थी। परंतु अब इस निर्माण कार्य की हो जाने से यानि सड़क एवं नाली के बन जाने से जल भराव की समस्या से भी हमेशा के लिए निजात मिल जाएगा और लोगों का आवागमन भी सुलभ हो जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक सुरेंद्र मैथानी,मण्डल अध्यक्ष दीपक शुक्ला,पार्षद विनय शुक्ला, जितेंद्र गांधी,शुभम कुशवाहा,ललित शर्मा,सोनेलाल,आशीष दिवाकर, राहुल सिंह,आर्यन कुशवाहा रामदीन सिंह, चरणजीत सिंह आदि लोग मौजूद रहे ।

# आसरा आवास न मिलने पर जिलाधिकारी कार्यालय पर जमकर विरोध प्रदर्शन

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर।गरीबों को नहीं मिले आवास जिलाधिकारी से इंसाफ की गुहार कानपुर समाजवादी पार्टी पूर्व नगर उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह पिंटू ठाकुर के नेतृत्व में सैकड़ो महिलाओं के साथ डूडा विकास भवन द्वारा आसरा आवास न मिलने पर जिलाधिकारी कार्यालय पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया! प्रदर्शन के दौरान कहां की विकास भवन रावतपुर कानपुर नगर द्वारा विस्थापित आवेदकों की पात्रता की दर किनार कर लाटरी प्रकिया में की गयी अनियनिवता के विरोध में।इस पत्र के माध्यम से उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में निम्न बिन्दुओं के आधार पर ज्ञापन पत्र इस प्रकार है दिनाक-30-01-2024 को डूडा विभाग विकास भवन कानपुर द्वारा 804 पात्रों को लाटरी के माध्यम से आसरा आवास आवंटित किये जाने में खेल करते हुए 13 व्यक्तियों का नाम पता गायब कर दिया गया है। 851 त्रुटिपूर्ण सूची चस्पा की गयी थी।दिनाक-30-01-2024 को लाटरी के माध्यम से आवंटित आसरा आवास आवंटियों का पी0डी0एफ0 सूची में निवास स्थान की फीडिंग नहीं करते हुए भ्रष्टाचार को बढावा दिया गया है जिससे विस्थापित पात्र आवेदकों को आवास सुविधा नहीं मिल सकी है। डूडा विभाग कानपुर द्वारा निकट भविष्य में 240 पात्र आवेदकों को आसरा आवास आवंटित किया जाना प्रस्तावित है ऐसी स्थिति में 240 व्यक्तियों की सूची आई0ए0एस0/वरिष्ठ निष्पक्ष अधिकारी की देख रेख में सूची बनवाया जावे।अस्तु विनम्र अनुरोध है कि ज्ञापन के तीनों बिन्दुओं का निष्पक्षता से जाँच कर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करे।

# आगजनी मामले में सपा विधायक व उनके भाई पर टला फैसला, अगली सुनवाई 19 मार्च को





कानपुर नगर, सपा विधायक इरफान सोलंकी पर आगजनी वाले मामले में 14 मार्च को फैसला टल गया है और कोर्ट में बेल बॉन्ड न जामा होने के कारण अगली तारीख 19 मार्च तय की गयी है।

आगजनी के मामले में सपा विधायक इरफान सोलकी तथा उनके भाई रिजवान को जेल भेजा गया था और लगातार इस मामले की कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। इस मामले में एमपी एमएलए फास्टैग कोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है, केस के फैसले के लिए 14 मार्च तारीख दी गयी थी और माना जा रहा था कि कोर्ट द्वारा फैसला दिया जायेगा। बतादें के इस मामले में वर्ष 8 नवम्बर 2022 को इरफान व अन्य लोगों के खिलाफ जाजमऊ थाने में मुकदमा दर्ज दिया गया था।

कोर्ट में पेश होने के दौरान पुलिस व्यवस्था काफी दुरूस्त थी। वहीं विधायक इरफान के भाई रिजवान ने इरफान और खुद को बेगुनाह बताया। कोर्ट ने इस मामले में जमान पर चल रहे शौकत और शरीफ को 18 मार्च तक बेल बॉन्ड जमा करने को कहा है।शासकीय अधिवक्ता दिलीप अवस्थी ने बताया कि आगजनी माले की सुनवाई हुई है और कोर्ट में 19 मार्च की तारीख दी है। 14 मार्च को कानपुर जेल में बंद चारों अभ्युिक्तो इरफान, रिजवान सोलकी, शौकत अली, मोहम्मद शरीफ व इसराइल आटेवाले को कडी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया गया।

# धूमधाम के साथ मनाया गया अभिषेक चौबे का जन्मदिन



**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। बड़े धूमधाम के साथ अभिषेक चौबे प्रदेश अध्यक्ष (मिशन मोदी अगेन पीएम) का जन्मदिन उनके निज निवास शास्त्री नगर में मनाया गया। अभिषेक चौबे का जन्मदिन मनाने के लिए उनके खास मित्र न्यू साहू फैमिली रेस्टोरेंट के प्रबंधक सुरेश साहू व बीपीएस न्यूज के संपादक बी.पी. साहू अपने साथियों के साथ पहुंचे।

जहां भांगड़े की धुन पर अभिषेक चौबे ने केक काटा वही उपस्थित सभी साथियों ने हैप्पी बर्थडे टू यू अभिषेक जी कहकर बधाइयां व शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर प्रमुख रूप से सुरेश साहू (प्रबंधक) न्यू साहू फैमिली रेस्टोरेंट व साहू ढाबा,बी.पी. साहू (संपादक) बीपीएस न्यूज, अरुण कुमार अस्थाना (सह संपादक) बीपीएस न्यूज, आशीष शर्मा, नवनीत गुप्ता, मंगल, सुधीर मिश्रा (अध्यक्ष) राष्ट्रीय आजाद मंच, पंकज तोमर, अभिमन्यु (अध्यक्ष) क्षत्रिय महासभा, विकास त्रिपाठी पूर्व सांसद प्रत्याशी, शिव प्रताप सिंह (समाज सेवक) भाजपा, ओपी निगम (महामंत्री) आदर्श व्यापार मंडल कानपुर नगर आदि मौजूद रहे।

# तमंचे व कारतूस के साथ 03 अभियुक्त गिरफ्तार



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पुलिस आयुक्त व संयुक्त पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल अपर पुलिस उपायुक्त नगर जोन सेन्ट्रल कमिश्नरेट कानपुर नगर के कुशल निर्देशन व सहायक पुलिस आयुक्त सीसामऊ के कुशल नेतृत्व में मोहम्मद अली पार्क में घटित घटना में त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना चमनगंज पुलिस टीम द्वारा तकिया पार्क से थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 26/2024 धारा 147/148/149/504/506/307 भादवि व 7 सीएलए एक्ट व 3/25 आर्मस एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त ओसामा पुत्र अतीक अहमद, मुन्ना उर्फ अदनान पुत्र शमशाद , फरहान पुत्र जमील अहमद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 02 अदद तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस, 02 अदद मिस कारतूस व 200 रु नगद बरामद कर विधिक कार्यवाही की गई उक्त घटना के सम्बन्ध में दौरान विवेचना ज्ञात हुआ कि हातिफ निवासी कर्नलगंज व ताहा निवासी प्लाट नं04 चमनगंज जो एक ही लड़की से बात करने से दोनों में दो दिन पूर्व टेलीफोन पर कहासुनी हुई थी जिसपर दोनों पक्ष दिनांक 13.03.2024 को मो0 अली पार्क में आपस में बात करने के लिये इकटता हुए थे। जहां पर बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हो गयी और उपरोक्त घटना घटित हुई।

# पशु तस्करों को थाना नौबस्ता पुलिस ने किया गिरफ्तार

कानपुर। पुलिस आयुक्त कानपुर नगर संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून/ व्यवस्था कानपुर नगर एवं पुलिस उपायुक्त दक्षिण के निर्देशन में अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण सहायक पुलिस आयुक्त नौबस्ता के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 16.03.2024 को प्रभारी नौबस्ता के निर्देशन में थाना

नौबस्ता की फोर्स द्वारा कानपुर झाँसी हाईवे पर प्रताप होटल के पास चेकिंग की जा रही थी तभी सूचना प्राप्त हुई कि एक कन्टेनर नं0 क्क 70 छ्ज्ञ 4118 जिसमें ड्राइवर व एक अन्य व्यक्ति अवैध रूप से गौंवशी पशुओं बैल को कानपुर नगर की ओर से लादकर उनको कटवाकर उनके मास को बिक्रय कर धनर्जन करने के उद्देश्य से कानपुर–झांसी हाइवे से रामादेवी होते हुए इलाहाबाद की ओर ले जा रहे है इस सूचना पर थाना नौबस्ता की फोर्स ने झांसी कानपुर हाइवे पर नौबस्ता चौराहे से चढ़कर सिमरा गांव के समीप ऊपर आकर अभियुक्तगण मो0 जाकिर पुत्र मो0 असलम नि0 नीभीलोहगरा थाना बारा जनपद इलाहाबाद अहमद नासिर पुत्र अहमद बसीर नि0 ग्राम रसूलपुर काशीपुर उपरहार




थाना पुरामुफ्ती जनपद इलाहाबाद को समय करीब 09.25 बजे नौबस्ता चौराहे से चढ़कर सिमरा गांव के समीप ऊपर हाईवे पर प्रताप होटल के पास थाना क्षेत्र नौबस्ता से हिरासत पुलिस में लिया गया।

जिसके सम्बन्ध में थाना नौबस्ता पर मु0अ0सं0 129/2024 धारा 11 (घ)/11(ठ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम व धारा 3/5क/8 उ0प्र0 गौवध निवारण अधिनियम पंजीकृत है। अभियुक्तगणों को हिरासत पुलिस में लेकर अग्रेतर विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। अभियुक्तगणों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीमः प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद पाण्डेय निरीक्षक नदीम अहमद सिद्दीकी उ0नि0 प्रमोद कुमार उ0नि0 गौरव चौधरी उ0नि0 कर्मवीर सिंह उ0नि0 रोशन शेर का0 रामकुमार सोलंकी,का0 3654 मुकेश चाहर थाना नौबस्ता कमिअरेट कानपुर नगर 09–का0 3110 राकेश कुमार थाना नौबस्ता कमिश्नरेट कानपुर नगर

# हंस विद्या मंदिर में वार्षिक उत्सव का हुआ आयोजन, बच्चो ने डांस के रंगा रंग कार्यक्रम किए प्रस्तुत

**कन्हैया शर्मा**

कानपुर। हंस विद्या मंदिर पनकी गंगागंज में वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ जिसमें बच्चो ने म्यूजिक एवम डांस के रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए विशेष आकर्षक का केंद्र रहे पी जी क्लास के बच्चे जिन्होंने कजरा मोहब्बत वाला गाने पर डांस किया उनकी मन मोहक प्रस्तुति देख के सभी मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रही कल्याणपुर की विधायक श्रीमती नीलिमा कटियार एवम दीपू पांडे अभिषेक तिवारी गुड्डू अवस्थी विद्यालय प्रबंधक रत्नेश सिंह आदि विशिष्ट लोगो ने बच्चो का उत्साहवर्धन किया।




# आठ वार्डों की दो लाख आबादी को जल्द मिलेगी राहत

कानपुर नगर, कैंट क्षेत्र के आठ वार्डो की दो लाख आबादी को जल संकट से अब नही जूझना पडेगा क्योंकि बैंट बोर्ड कमेटी द्वारा खराब पडे तथा कम जलस्तर वाले हैंडपंप और सबमर्सिबल पंप को ठीक कराने के लिए कमर कस ली गयी है और इसके लिए ऐसे हैंडपम्प तथा सबमर्सिबलों को चिन्हित करने का काम किया जा रहा है।

बतादे कि छावनी क्षेत्र के वार्डो में रहने वाले लोगों को जल संकट का सामना न करने पडे इसके लिए क्षेत्र में खराब पडे हैंडपंपो तथा सबमर्सिबल को ठीक कराने के लिए उन्हे चिन्हित करने का काम किया जा रहा है। इस काम के लिए 17 लाख रूपये का बजट स्वीकृत किया गया है। इस बजट से आठ वार्डो में कार्य किया जायेगा। बताया जाता है कि जिन वाडों में काम किया जाना है उनमें वार्ड एक में गोलाघट, वार्ड दो में लालकुर्ती, वार्ड तीन में शांति नगर व खपरा मुहाल, वार्ड चार और पांच में फेथफुलगंज, वार्ड छह में मीरपुर, वार्ड सात में हैरिसगंज तथा वार्ड आठ में मालरोड का क्षेत्र शामिल है। इन क्षेत्रों में कई हैंडपंप और सबमर्सिबल पंप खराब होने के कारण लोगों को परेशान का सामना करना पड रहा है ।

# अधिवक्ताओं के विरुद्ध लिखे झूठे मुकदमे समाप्त करे पुलिस

## कानपुर पुलिस द्वारा अधिवक्ता के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार आदि के विरोध में अधिवक्ता रहे हड़ताल पर



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर, पंडित रवीन्द शर्मा पूर्व अध्यक्ष लायर्स एसोसिएशन और अमितेश सिंह सेंगर उपाध्यक्ष लायर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्तागण पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंचे। जहां पर आयुक्त की प्रतिनिधि एडिशनल डी सी पी अमृता सिंह मिली जिन्हे पुलिस की अधिवक्ता विरोधी मानसिकता से अवगत कराते हुए रवीन्द शर्मा ने बताया कि 30 जनवरी 2024 को अधिवक्ता धनवीर सिंह और उनके अधिवक्ता पुत्र अमन के साथ पड़ोसी सत्येंद्र ने मारपीट कर अंगूठी छीन ली थी घटना सी सी टीवी में है जिसकी शिकायत थाने में फिर अधिकारियो से की गई जन सुनवाई में दर्ज होने के बाद पुलिस नजीराबाद जांच करती रही फिर नजीराबाद पुलिस ने अभियुक्त से मिलकर दि 11टु03टु24 के प्रार्थना पत्र पर 30 जनवरी की घटना दिखा अधिवक्ता धनवीर और अमन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दी।

इसी प्रकार 11 मार्च को थाना नवाबगंज में अधिवक्ता विपिन वर्मा के घर में घुस अपराधी अंकित आदि ने हमलाकर मारपीट की और फिर पुलिस से मिल अधिवक्ता अमन वर्मा आदि के ही विरुद्ध एफ आई आर भी लिखवा दी और फिर 13 मार्च को अधिवक्ता के भाई अर्पित के ऊपर जानलेवा हमला किया जिससे उसका सर फट गया तमाम टांके लगे जिसकी साधारण धाराओं में रिपोर्ट लिखा जाना अधिवक्ता विरोधी मानसिकता को प्रदर्शित करता है श्री शर्मा ने कहा कि अधिवक्ताओं के विरुद्ध लिखे झूठे मुकदमे समाप्त करे पुलिस ।पत्र प्राप्त कर एडिशनल डी सी पी अमृता सिंह ने कहा कि पुलिस की अधिवक्ता विरोधी कोई मानसिकता नहीं है हम नजीराबाद प्रकरण की जांच करा मुकदमा झूठा है तो उसको समाप्त करायेंगे साथ ही थाना नवाबगंज में अधिवक्ता अमन वर्मा के भाई के ऊपर हुए जानलेवा हमले में आई गंभीर चोटो के आधार पर धारा 307 बढ़ाई जाएगी ।प्रमुख रूप से अमितेश सिंह सेंगर उपाध्यक्ष लायर्स हेमंत तिवारी बृज नारायण निषाद भानू द्विवेदी लक्ष्मी कांत शुक्ला रिनय कनोजिया शुजा अब्बास मयूर सैनी गुलजार अब्बास पंकज दीक्षित विकास मिश्रा विष्णू पासवान जे पी हजारिया सत्यम शुक्ला आदि रहे।



# नगर निगम चालक संघ का धरना प्रदर्शन स्थगित

कानपुर। उत्तर प्रदेश चालक कर्मचारी संघ द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया जा रहा था। संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के अधिसूचना लागू हो जाने के कारण धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है और सभी कर्मचारी चुनाव में पूरी तन्मयता से जुड़ेंगे।

# आईएमए और प्रशासन के बीच क्रिकेट मैच टाई

कानपुर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन व प्रशासन के बीच मतदान जन जागरूकता अभियान के तहत एक मैत्री क्रिकेट मैच ग्रीनपार्क में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आईएमए की टीम ने 20 ओवर में 204 रन बनाए। डॉ. अंबर वरियानी ने सर्वाधिक 57 रन बनाए ।प्रशासन की ओर से लखन यादव ने दो विकेट झटके। एडीएम सिटी राजेश कुमार ने चार ओवर किए और एक विकेट झटका। प्रशासन की टीम ने धुआंधार शुरुआत की। कप्तान पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने सर्वाधिक 58 रन बनाए। प्रशासन की टीम भी 204 रन ही बना सकी। इस तरह से मैच बिना किसी नतीजे के टाई हुआ ।कानपुर आईएमए के तरफ से डॉक्टर दीपक श्रीवास्तव, डॉक्टर अंबर वरियानी डॉ अमित सिंह गौर , डॉक्टर पीयूष मिश्रा, डॉ उमाशंकर मानव लूथरा ने बहुत ही उत्कर्ष खेल का प्रदर्शन किया बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार डॉ अंबर वरियानी को दिया गया बेस्ट फील्डर का पुरस्कार एसीपी लखन यादव को बेस्ट बॉलर का किताब मानव लूथरा को दिया गया। सर्वाधिक स्कोर करने वाले व बेहतरीन खेल के लिए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया । सीडीओ सुधीर कुमार, एसडीएम सदर प्रखर कुमार सिंह, एमडी केस्को सैमुअल पाल, एडीसीपी लखन, डॉ नंदिनी रस्तोगी, डॉक्टर कुणाल सहाय समेत कई डाक्टर, प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



सीपी अखिल कुमार मैन ऑफ द मैच चुने गए

# रैंकिंग खराब : समाज कल्याण अधिकारी का रोका वेतन

## सीएम डैश बोर्ड में रैंकिंग खराब होने से सीडीओ हुए सख्त कई विभाग के अफसरों से स्पष्टीकरण तलब

कानपुर। सीडीओ ने समाज कल्याण अधिकारी का वेतन रोकने के साथ प्रधानाचार्य आईटीआई, सहायक निदेशक मत्स्य, पिछड़ा वर्ग, पर्यटन अधिकारी, ग्रामीण अभियंत्रण, अल्पसंख्यक कल्याण को स्पष्टीकरण जारी करके सवाल जवाब किया है। दरअसल, जिले की सीएम डैश बोर्ड रैंकिंग नौ विभागों के अफसरों की लापरवाही से खराब हुई है। इसमें सबसे ज्यादा खराब रैंकिंग समाज कल्याण विभाग की रही।

विभागीय अफसरों की लापरवाही देख आलाधिकारियों ने अफसरों की फटकाई लगाई। सीडीओ सुधीर कुमार ने बताया कि समाज कल्याण विभाग की प्रगति सबसे खराब है। अफसर की लापरवाही के कारण वेतन रोका गया। अफसरों को नोटिस जारी कर प्रगति सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। सभी को स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

सीडीओ ने समाज कल्याण अधिकारी का मार्च माह का वेतन रोक दिया। साथ ही अन्य अफसरों को नोटिस जारी कर जवाब–तलब किया है। तीन दिन में समाज कल्याण अधिकारी को स्पष्टीकरण और वर्तमान प्रगति में किए गए सुधार को बताना होगा।

अगर संतोषजनक न हुआ तो समाज कल्याण अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। विभागीय अफसरों की लापरवाही के कारण फरवरी माह में 71 वीं रैंक आई। इसमें सबसे ज्यादा खराब समाजकल्याण विभाग की योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 75वीं और छात्रवृत्ति योजना में 72 वीं रैंक हासिल की। तीन महीने से शासन स्तर पर यूपी के सभी जिलों की लोक शिकायत के साथ ही 55 विभागों की योजनाओं की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग जारी होती है।

### जन औषधि केंद्र में बिक रही थीं ब्रांडेड दवाएं

**कानपुर**। लक्ष्मीपत सिंहानिया हृदय रोग संस्थान (कार्डियलजी) परिसर स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में जेनरिक की जगह ब्रांडेड दवाएं बेचे जाने की शिकायत पर खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने छापमार कार्रवाई की। यहां से काफी मात्रा में ब्रांडेड दवाएं मिली, इनकी खरीद बिक्री का कोई दस्तावेज बरामद नहीं हुआ। संचालक को नोटिस तामील करते हुए 15 दिन में खरीद बिक्री के रिकार्ड मांगे गए हैं। यहां 125 प्रकार की ब्रांडेड दवाओं की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। ड्रग इंस्पेक्टर ओम पाल सिंह ने बताया कि पीएम जन औषधि केंद्र में ब्रांडेड दवाओं की बिक्री पाई गई है। जन औषधि केंद्र से जेनरिक दवाओं की बिक्री की अनुमति है लेकिन मरीजों को ब्रांडेड दवाओं की बिक्री की जा रही थीं।

# अधिसूचना से पहले खूब हुए लोकार्पण और शिलान्यास

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना लगने से पहले तक नगर निगम सहित अन्य विभागों में शिलान्यास एवं लोकार्पण का दौर जारी रहा।

वहीं, कानपुर नगर निगम के लोकप्रिय एवं वरिष्ठ पार्षद महेंद्र पाण्डेय उर्फ पप्पू भैया के द्वारा वार्ड 40 विष्णुपुरी,आजाद नगर के अंतर्गत खेड़िया स्कूल से वी एस एस डी कॉलेज तक फुटपाथ बनाये जाने का शिलान्यास एवं आजाद नगर में सेवक जनरल स्टोर से अजीत डिमरी के निवास तक सड़क का शिलान्यास एवं वार्ड के अंतर्गत आने वाले सभी मंदिरों में सोलर लाइट जनता के साथ मिलकर लगवाया। मंदिरों में आने वाले भक्तों ने पार्षद को आशीर्वाद दिया एवं समस्त नागरिकों ने पार्षद महेंद्र पाण्डेय के कार्य की प्रशंसा की एवं क्षेत्र के लोगों ने पार्षद को माला पहना कर उनका उत्साहवर्धन किया।




लोकप्रिय एवं वरिष्ठ पार्षद महेंद्र पाण्डेय उर्फ पप्पू भैया के द्वारा वार्ड 40 में कई कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया

# दुनिया का सबसे बड़ा वसूली रैकेट ठाणे में राहुल की गारंटी, बीजेपी की सरकार बदलने पर ऐसी कार्रवाई होगी



राहुल गांधी ने ठाणे में एक रैली में कहा कि राजनीतिक दलों को तोड़ने और विपक्षी दलों की सरकारों को गिराने के लिए धन चुनावी बॉण्ड से आया। चुनावी बॉण्ड दुनिया का सबसे बड़ा जबरन वसूली रैकेट था। राहुल गांधी ने कहाकहा कि सीबीआई-ईडी जैसी चीज नहीं है। वो अब बीजेपी के औज़ार हैं, वो उनके कंट्रोल में हैं। चोहे वो चुनाव आयोग हो, चाहे वो सीबीआई-ईडी हो , यह अब भाजपा और आरएसएस के हथियार हैंज्उनको यह भी सोचना चाहिए कि किसी ना किसी दिन भाजपा की सरकार बदलेगी और फिर कार्रवाई होगी और ऐसी कार्रवाई होगी कि मैं गारंटी देता हूं कि यह फिर से कभी नहीं होगा ।राहुल ने कहा कि किसी भी विपक्षी दल की राष्ट्रीय स्तर पर अनुबंधों तक पहुंच नहीं है। कोई भी विपक्षी दल सीबीआई, आईटी या जबरन वसूली निदेशालय को नियंत्रित नहीं करता है। इन सभी को सीधे तौर पर भाजपा और भारत के प्रधान मंत्री द्वारा नियंत्रित किया जाता है। यह आपराधिक उगाही है। कॉरपोरेट डरे हुए हैं और दबाव में हैं। राहुल गांधी का सीधा संदेश ङ्क आरटी करो ईडी और एजेंसियों को कहा जो लोग ये सब कर रहे हैं,उनको सोचना चाहिए कि किसी न किसी दिन सरकार बदलेगी, और फिर कार्रवाई होगी और ऐसी कार्रवाई होगी, मैं गारंटी दे रहा हूं की ये फिर कभी नहीं होगा ।राहुल गांधी ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड स्कैम से जुड़े लोगों को सोचना चाहिए कि कभी न कभी बीजेपी की सरकार बदलेगी। इसके बाद ऐसी कार्रवाई होगी कि ये फिर कभी नहीं होगा। ये मेरी गारंटी है।

# किन्नर को चप्पल चाटने के लिए बाध्य करने के मामले में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज



बलिया जिले में एक किन्नर को चप्पल चाटने के लिए बाध्य करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी ।पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बताया कि बीबीपुर गांव की पूजा किन्नर की तहरीर पर पांच अन्य किन्नरों के खिलाफ बुधवार को भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है ।शिकायत में कहा गया कि 10 मार्च को बहोरवा गांव में वह अपने साथियों के साथ नृत्य-गाने का कार्यक्रम कर रही थी ।इस बीच, वाहन से आए लोगों ने उनकी साथी नैना और पायल से मारपीट शुरू कर दी और जबरन वाहन में बैठाकर ले गए ।इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बुधवार को वायरल हुआ जिसमें एक किन्नर को चप्पल चटाने के लिए बाध्य किया जा रहा है और दो किन्नरों के बाल काटे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह मामला किन्नरों के दो समूह में क्षेत्राधिकार के विवाद को लेकर है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# हम कल्पना को कर रहे साकार : सीएम

**समाज का साथी**

बलरामपुर (यूपी) ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बलरामपुर में कोइलरा स्थित मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय के भूमिपूजन समारोह के उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने बलरामपुर की ?1,488.89 करोड़ की 466 विकास परियोजनाओं और श्रावस्ती की ?260.37 करोड़ की 31 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा जिस बलरामपुर में एक विश्वविद्यालय की बात कभी कल्पना थी, हम आज उसे साकार करने जा रहे हैं। मां पाटेश्वरी की कृपा, भगवान श्रीराम के पुत्र लव की राजधानी, बुद्ध की तपोभूमि और महाराजा सुहेलदेव के शौर्य और पराक्रम की भूमि के सौंदर्य को चंद माफिया और आपराधिक तत्वों ने कुंद करने का कार्य किया था। हम सब इसी संकल्प के साथ सत्ता में आए हैं कि राजनीति का अपराधीकरण हर्गिज नहीं होने देंगे, जो भी हमारे नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करेगा उसको उसकी कीमत चुकानी पड़गी ।अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा और मार्गदर्शन से आकांक्षात्मक जनपदों को विकसित जनपदों की श्रेणी लाने का प्रयास हो रहा है। बलरामपुर और श्रावस्ती का गौरवशाली इतिहास रहा है। यहां मां पाटेश्वरी की कृपा पूरे क्षेत्र में बरसती है। भारत और नेपाल के श्रद्धालु हर साल बड़ी संख्या में यहां दर्शन करने आते हैं। श्रावस्ती को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पुत्र लव ने अपनी राजधानी बनाया था। यही नहीं श्रावस्ती में भगवान बुद्ध ने चातुर्मास व्यतीत किया था ।दसवीं ग्यारहवीं सदी में अपने शौर्य और पराक्रम से भारत की स्वाधीनता और स्वाभिमान को बनाए रखने वाले महाराज सुहेलदेव यहीं के राजा थे, जिन्होंने विदेशी आक्रांताओं को रौंदने का कार्य किया था।



सीएम योगी ने कहा जिस बलरामपुर में एक विश्वविद्यालय की बात कभी कल्पना थी, हम आज उसे साकार करने जा रहे हैं। मां पाटेश्वरी की कृपा, भगवान श्रीराम के पुत्र लव की राजधानी, बुद्ध की तपोभूमि और महाराजा सुहेलदेव के शौर्य और पराक्रम की भूमि के सौंदर्य को चंद माफिया और आपराधिक तत्वों ने कुंद करने का कर्य





◂◂ मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के लिए किया भूमि पूजन ◂◂ बोले- बलरामपुर और श्रावस्ती का गौरवशाली इतिहास रहा है ◂◂ अगले वर्ष तक बलरामपुर जिले को हम लोग एक मेडिकल कॉलेज भी देने जा रहे हैं

# देवी पाटन मंदिर में सीएम योगी ने किया दर्शन-पूजन

**स्कूली बच्चों से मिले, बांटी टॉफी-चॉकलेट**

दो दिवसीय दौरे पर बलरामपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दूसरे दिन सुबह सुबह 51 शक्तिपीठों में से एक देवी पाटन मंदिर में दर्शन पूजन किया। मंदिर में विधि विधान से दर्शन पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री भवनियापुर स्थित मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल पहुंचे। यहां उन्होंने स्कूली बच्चों संग कुछ देर व्यतीत किया। सीएम योगी ने बच्चों से उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री योगी को देख बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सीएम योगी ने बच्चों को टॉफियां और चॉकलेट भी बांटी। सीएम ने एक-एक कर कई बच्चों से बातचीत की। इसके बाद वह मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय के भूमिपूजन और शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने रवाना हो गये।




# पुलिस भर्ती पेपर लीक मुख्य आरोपी को एसटीएफ ने दबोचा

◂◂ कई दिनों से चल रही थी तलाश

◂◂ सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा था आरोपी कोई बचेगा नही

कौशांबी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती पेपर लीक प्रकरण में फरार आरोपित को एसटीएफ ने कौशांबी जिले से गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि बीते माह एसओजी ने पुलिस भर्ती से पहले कार सवार तीन युवकों को पकड़ा था। उनके पास से नकदी रुपए के अलावा मार्कशीट और लैपटॉप आदि बरामद हुआ था ।पूछताछ में उन्होंने सरगना अरुण सिंह निवासी लखनऊ का नाम बताया था। जनपद पुलिस से पहले यूपी एसटीएफ ने उसे पकड़ लिया। साथ ही मंझनपुर पुलिस के सुपुर्द किया। उससे पूछताछ जारी है। बता दें कि बीते दिनों उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा के दौरान नकल करवाने वाले दो वांछितों को नोएडा एसटीएफ की टीम ने मथुरा से गिरफ्तार किया है। एक आरोपित के ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। एसटीएफ ने आरोपितों को गिरफ्तार कर कोतवाली सेक्टर-39 में दाखिल कर न्यायालय में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस गैंग के एक शातिर को एसटीएफ पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है।

# तीन दशक पुराने मामले में माफिया मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा, हुआ गुनाहों का हिसाब



लखनऊ/वाराणसी।दुर्दांत माफिया मुख्तार अंसारी के गुनाहों का हिसाब तेजी से होने लगा है। एक के बाद एक उसके किये गये जुर्मों की सजा न्यायालय से मिलने लगी है।

न्यायालयों में चल रहे मामलों में योगी सरकार द्वारा की जा रही प्रभावी पैरवी के कारण माफिया मुख्तार अंसारी को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। तीन दशक पुराने मामले में मुख्तार अंसारी के दोषी पाये जाने के बाद बुधवार को उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही कोर्ट ने उसपर 2 लाख 2 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अंसारी को दूसरी बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अबतक आठ मामलों में माफिया को सजा सुनाई जा चुकी है ।अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए कोर्ट वाराणसी, अवनीश गौतम की अदालत ने मुख्तार अंसारी को डीएम/एसपी के फर्जी हस्ताक्षर पर शस्त्र लाइसेंस लेने के मामले में सजा सुनाई है। 1990 में थाना मोहम्मदाबाद गाजीपुर में दर्ज तीन और कोतवाली गाजीपुर में दर्ज एक मामले में हुई सुनवाई और प्रभावी पैरवी के बाद चारों धाराओं में अलग अलग सजा सुनाई गई है। इसमें 420/120 बी आईपीसी में सात साल, 467/120 बी आईपीसी में आजीवन कारावास, 468/120 बी में 7 वर्ष और 30 आयुध अधिनियम में 6 माह की सजा सुनाई गई है। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। इसके अलावा मुख्तार अंसारी पर अलग-अलग कुल 2,02,000 रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर 1 साल 1 हफ्ते के अतिरिक्त कारावास का प्रावधान है।

मालूम हो कि इससे पहले योगी सरकार की प्रभावी पैरवी के कारण कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय की हत्या के मामले में भी माफिया मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सुनाई जा चुकी है। मुख्तार अंसारी को अब तक कुल आठ मामलों में सजा सुनाई जा चुकी है। इससे पहले दिसंबर 2023 में वाराणसी की एमपी/एमएलए कोर्ट ने 26 साल पुराने कोयला व्यवसायी नंद किशोर रुंगटा की हत्या के गवाह महावीर प्रसाद रुंगटा को धमकाने के मामले में मुख्तार अंसारी को दोषी पाते हुए साढ़े पांच साल की कठोर कारावास और 10 हजार जुर्माने की सजा सुनायी थी।

# किसानों को मिली दिल्ली में महापंचायत की इजाजत, शर्तें लागू! पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी



संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में होने वाली एक दिवसीय 'किसान महापंचायत' की अनुमति दे दी गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया है। किसान नेताओं द्वारा रखी गई कुछ शर्तों पर सहमत होने के बाद ही इजाजत दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि समझौते पर दिल्ली पुलिस और एसकेएम के वरिष्ठ सदस्यों पी कृष्ण प्रसाद, हनान मोल्ला, प्रेम सिंह गहलावत और आशीष मित्तल के बीच हस्ताक्षर किए गए।

पहले किसान नेताओं ने दावा किया था कि कई राज्यों से किसान राष्ट्रीय राजधानी में जुटेंगे, जिनमें अकेले पंजाब से 50,000 से अधिक किसान शामिल होंगे। हालाँकि, समझौते के तहत, आयोजन स्थल पर 5,000 से अधिक प्रतिभागियों को अनुमति नहीं दी जाएगी। बताया जाता है कि इस मैदान की क्षमता करीब 1.25 लाख है। साथ ही, कोई भी भड़काऊ या डराने वाला भाषण नहीं दिया जाएगा और महापंचायत के बाद कोई जुलूस नहीं निकाला जाएगा।यदि कोई भड़काऊ भाषण दिया जाता है, तो सार्वजनिक संबोधन प्रणाली बंद कर दी जाएगी और वक्ताओं को मंच से हटा दिया जाएगा। इसके अलावा, रैली उस दिन दोपहर 3 बजे तक समाप्त होनी चाहिए और इससे जुड़ा कोई भी व्यक्ति कार्यक्रम से पहले और बाद में शहर में रात नहीं बिता सकता है ।इस बीच, महापंचायत की पूर्व संध्या पर, दिल्ली यातायात पुलिस ने एक यातायात परामर्श जारी किया, जिसमें यात्रियों को यातायात नियमों और मार्गों में बदलाव के बारे में सचेत किया गया। एडवाइजरी में कहा गया है कि चुनिंदा मार्गों पर सुबह 6 बजे से शाम 4 बजे तक यातायात की आवाजाही को नियंत्रित किया जाएगा।

# Pitbull Terrier, American Bulldog जैसे आक्रामक कुत्तों की नस्लों पर केंद्र सरकार ने लगाया प्रतिबंध, बिक्री और प्रजनन पर रहेगी रोक

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने राज्यों को पिटबुल टेरियर, अमेरिकन बुलडॉग, रॉटवाइलर और मास्टिफ्स सहित 23 नस्लों के आक्रामक कुत्तों की बिक्री और प्रजनन पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। सरकार ने यह निर्देश ऐसे समय में दिया है जब देश में पालतू कुत्तों के हमलों मेंलोगों की मौत की घटनाओं में वृद्धि हुई है। विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जारी निर्देश के मुताबिक लोगों कोपालतू जानवरों के रूप में 23 नस्लों के कुत्तों को रखने की मनाही होगी।

केंद्र सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग ने 12 मार्च को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे एक पत्र में यह भी कहा कि कुत्तों की इन नस्लों, जिन्हें पहले से ही पालतू जानवर के रूप में रखा गया है, उनका आगे प्रजनन नहीं हो ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए। केंद्र सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग ने अभ्यावेदन के मद्देनजर विभिन्न हितधारक संगठनों के सदस्यों और विशेषज्ञों के साथ पशुपालन आयुक्त की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था ।इस समिति ने मिश्रित और क्रॉस नस्लों सहित कुत्तों की 23 नस्लों को क्रूर और मानव जीवन के लिए खतरनाक माना है। समिति के मुताबिक पिटबुल टेरियर, टोसा इनु, अमेरिकन स्टेफोर्डशायर टेरियर, फिला ब्रासीलीरो, डोगो अर्जेंटीनो, अमेरिकन बुलडॉग, बोअरबोएल कांगल, मध्य एशियाई शेफर्ड डॉग और कोकेशियन शेफर्ड डॉग कुत्तों की उन नस्लों में से हैं जिन्हें केंद्र द्वारा प्रतिबंधित करने का सुझाव दिया गया है।

इसके अलावा दक्षिण रूसी शेफर्ड डॉग, टॉर्नजैक, सरप्लानिनैक, जापानी टोसा और अकिता, मास्टिफ, टेरियर्स, रोडेशियन रिजबैक, वुल्फ डॉग, कैनारियो, अकबाश डॉग, मॉस्को गार्ड डॉग, केन कोर्सो और बैंडोग नस्ल के कुत्तों पर भी प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया है।

# इंडियन रेलवे होली पर चलाएगा स्पेशल ट्रेन

## यूपी-बिहार जानें वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी



**बीपीएस न्यूज**

गोरखपुर। रेलवे प्रशासन ने होली त्योहार पर भीड को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।

पूर्वोत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि गाडी संख्या 04062 दिल्ली-बरौनी होली विशेष गाड़ी 24 एवं 31 मार्च को दिल्ली से 08.50 बजे प्रस्थान कर अलीगढ, टुण्डला , इटावा , कानपुर सेण्ट्रल, लखनऊ, गोण्डा , बस्ती, गोरखपुर, सीवान, छपरा,तथा हाजीपुर से छूटकर दूसरे दिन बरौनी सुबह 06.30 बजे पहुंचेगी ।उन्होंने बताया कि इसी प्रकार वापसी यात्रा में 04061 बरौनी-दिल्ली होली विशेष गाड़ी 25 मार्च एवं 01 अप्रैल को बरौनी से 08.00 बजे प्रस्थान कर उसी स्टेशनों पर रूकते हुए दूसरे दिन दिल्ली सुबह 07.35 बजे पहुंचेगी । इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 18, साधारण द्वितीय श्रेणी के दो, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का एक तथा एस.एल.आर. के दो कोचों सहित कुल 23 कोच लगाये जायेंगे ।प्रवक्ता ने बताया किइसके अलावा रेल प्रशासन ने होली त्योहार पर चंडीगढ़-गोरखपुर-चण्डीगढ़ होली विशेष गाड़ी का संचलन चण्डीगढ़ से 21 एवं 28 मार्च, तथा गोरखपुर से 22 एवं 29 मार्च को दो फेरों के लिये चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि गाडी संख्या 04518 चण्डीगढ़-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी 21 एवं 28 मार्च को चण्डीगढ़ से 23.15 बजे प्रस्थान कर अम्बाला कैण्ट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली , लखनऊ , गोण्डा, बस्ती से छूटकर दूसरे दिन गोरखपुर 18.20 बजे पहुंचेगी ।उन्होंने बताया कि इसी प्रकार वापसी यात्रा में 04517 गोरखपुर-चण्डीगढ़ होली विशेष गाड़ी 22 एवं 29 मार्च को गोरखपुर से 22.05 बजे प्रस्थान कर उसी स्टेशनो पर रूकते हुए दूसरे दिन चण्डीगढ़ अपराह्न 14.10 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का एक, एल.एस. एल.आर.डी. का एक, साधारण द्वितीय श्रेणी के चार, शयनयान श्रेणी के छह, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के छह, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के दो तथा वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी के एक कोच सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे।

# पुलिस भर्ती पेपर लीक मुख्य आरोपी को एसटीएफ ने दबोचा

**कई दिनों से चल रही थी तलाश**

**सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा था आरोपी कोई बचेगा नहीं**

कौशांबी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती पेपर लीक प्रकरण में फरार आरोपित को एसटीएफ ने कौशांबी जिले से गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि बीते माह एसओजी ने पुलिस भर्ती से पहले कार सवार तीन युवकों को पकड़ा था। उनके पास से नकदी रुपए के अलावा मार्कशीट और लैपटॉप आदि बरामद हुआ था ।पूछताछ में उन्होंने सरगना अरुण सिंह निवासी लखनऊ का नाम बताया था। जनपद पुलिस से पहले यूपी एसटीएफ ने उसे पकड़ लिया। साथ ही मंझनपुर पुलिस के सुपुर्द किया। उससे पूछताछ जारी है। बता दें कि बीते दिनों उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा के दौरान नकल करवाने वाले दो वांछितों को नोएडा एसटीएफ की टीम ने मथुरा से गिरफ्तार किया है। एक आरोपित के ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। एसटीएफ ने आरोपितों को गिरफ्तार कर कोतवाली सेक्टर-39 में दाखिल कर न्यायालय में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# पिता के साथ मां का नाम लिखने पर ही बनेंगे 'जरूरी' कागज,

महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने महिला अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए चौथी महिला नीति घोषित की है. इस नीति के तहत अब सभी अधिकृत दस्तावेजों में मां का नाम लिखना भी अनिवार्य किया गया है. फिलहाल सरकारी दस्तावेजों में बच्चों के नाम के आगे पिता का नाम लिखा जाता है. जबकि बच्चों के नाम के ठीक बाद माता का नाम लिखना ऐच्छिक था. हालांकि अब सरकार की नई नीति घोषित होने के बाद अब बच्चों को अपने नाम के आगे माता का नाम लिखना अनिवार्य हो जाएगा.अंतराराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महाराष्ट्र सरकार की ओर से यह नई महिला नीति की घोषणा की गई है. यह नई नीति आठ सूत्रों के आधार पर तैयार की गई है. राज्य के डिप्टी सीएम अजित पवार ने इस नई महिला नीति की सराहना की है. अजित पवार ने कहा कि इस नीति से महिलाओं को सशक्त करने में ज्यादा मदद मिलेगी. इससे महिलाओं में आत्मसम्मान और भरोसा बढ़ेगा. साथ ही संपत्ति पर उनके अधिकार भी मजबूत होंगे.बताते चलें कि महाराष्ट्र की पहली महिला नीति वर्ष 1994 में घोषित की गई थी. इसके बाद वर्ष 2001 में दूसरी और साल 2014 में तीसरी महिला नीति लागू की गई थी. सरकार ने अब 10 साल बाद चौथी महिला नीति घोषित की है. इस नई नीति में महिलाओं के अधिकारों में बढ़ोतरी से जुड़े कई प्रावधान किए गए हैं.डिप्टी सीएम अजित पवार ने बताया कि इस चौथी महिला नीति में सभी सरकारी, अर्धसरकारी और प्राइवेट कंपनियों में पितृत्व और मातृत्व अवकाश देने का प्रावधान किया गया है. साथ ही कामकाजी महिलाओं के लिए हर जिले में सखी निवास ( छात्रावास भी शुरू किए जाएंगे. महानगर पालिकों और नगर पालिकाओं में महिला बचत समूहों के स्टॉल के लिए जगह देने पर विचार किया जाएगा.

# एप्रिन पहन कर मिड डे मील बनायेंगे रसोइए

**एप्रन, ग्लब्स सहित अन्य सामग्री खरीदने के लिए बजट आवंटित**

**सरकारी स्कूलों के रसोइयों के लिए खरीदे जाएंगे एप्रन**



**बीपीएस न्यूज**

लखनऊ। मध्याह्न भोजन योजना के तहत अब रसोइये सुरक्षा के मानक पूरे करते हुए भोजन पकाएंगे। एप्रन, ग्लब्स सहित अन्य सामग्री खरीदने के लिए बजट आवंटित हो गया है। प्रत्येक विद्यालय को 700 रुपये का बजट मिला है। इससे जिले के 1925 परिषदीय विद्यालयों को फायदा मिलेगा। परिषदीय विद्यालयों में नौनिहालों को एमडीएम दिया जाता है।

भोजन पकाने की जिम्मेदारी रसोइयो की होती है। कई बार औचक निरीक्षण में यह बात सामने आई है कि रसोइया बिना सुरक्षा के मानक पूरे करते हुए भोजन पका रही हैं। विभाग बजट न होने की बात कहता रहा है। अब यह समस्या भी दूर हो गई है। रसोइया भोजन बनाते समय सुरक्षा के सभी उपाए पूरे करेंगी। रसोइयों को ग्लब्स, एप्रन, हेड कवर, हाथ धोने का साबुन, लेखन सामग्री खरीदने के लिए बजट दिया गया है ।यह बजट सीधे विद्यालय प्रबंध समिति के खातों में भेजा जाएगा। प्रधानाध्यापक बजट को निकालकर मार्च के प्रथम सप्ताह तक खर्च करना सुनिश्चित करेंगे।

साथ ही बीईओ को उपभोग प्रमाणपत्र भी मुहैय्या कराएंगे। यह बजट किसी दूसरे मद पर खर्च नहीं किया जाएगा।

मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की ओर से मिड-डे-मील के लिए 9.92 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। महानिदेशक कंचन वर्मा ने बताया कि मिड-डे-मील वितरित करने वाले 1.41 लाख विद्यालयों के लिए प्रति विद्यालय 700 रुपये की दर से यह लिमिट जारी की गई है। इस राशि का प्रयोग रसोइयों के लिए एप्रन, ग्लब्स, हेड कवर, हाथ धोने का साबुन, लेखन सामग्री आदि के लिए किया जा सकता है।

मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की ओर से मिड-डे-मील के लिए 9.92 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। महानिदेशक कंचन वर्मा ने बताया कि मिड-डे-मील वितरित करने वाले 1.41 लाख विद्यालयों के लिए प्रति विद्यालय 700 रुपये की दर से यह लिमिट जारी की गई है। इस राशि का प्रयोग रसोइयों के लिए एप्रन, ग्लब्स, हेड कवर, हाथ धोने का साबुन, लेखन सामग्री आदि ।

# लखनऊ: अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान लोगों ने किया पथराव



उत्तर प्रदेश के लखनऊ में एक इलाके में रविवार शाम अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने पुलिस और प्रशासन दल पर पथराव किया हालांकि घटना में कोई व्यक्ति या अधिकारी घायल नहीं हुआ। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी ।लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया, आज (रविवार) अकबर नगर में अतिक्रमण कर बनायी गयी एक व्यावसायिक इमारत को ढहाने का काम किया जा रहा था ।इसी बीच कुछ अफवाहों की वजह से स्थानीय लोगों ने पथराव कर दिया। हालांकि घटना में कोई घायल नहीं हुआ और हालात नियंत्रण में हैं। त्रिपाठी ने बताया, कुछ स्थानीय लोगों ने कहा कि मलबे के कारण उनके मकान क्षतिग्रस्त हो गये ।उनमें से सात लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर आवंटित किए गए थे। लखनऊ के अकबर नगर में रहने वाले लगभग 74 बीपीएल कार्ड धारकों ने उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की थी, जिसमें विकास प्राधिकरण के तोड़-फोड़ अभियान पर रोक लगाने की मांग की गयी थी ।अकबर नगर में कुकरैल नाले के किनारे कथित रूप से सरकारी जमीन पर झुग्गी बस्ती का निर्माण किया गया इसीलिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इस बस्ती में करीब 1400 घर हैं ।एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के मुताबिक तोड़फोड़ की यह कार्यवाही मकानों के लिए नहीं बल्कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर की जा रही है। उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह एक आदेश में अकबर नगर में सरकारी जमीन पर निर्मित बस्ती के सभी निवासियों को 31 मार्च या उससे पहले विवादित परिसर खाली करने का आदेश दिया था।



# माता सीता को मुंह दिखाई में मिला था अयोध्या महल

**पिछले कुछ समय से पूरे भारत में अयोध्या स्थित राम मंदिर की चर्चा चल रही है। आज हम आपको एक ऐसे महल के बारे में बताने जा रहे हैं, जो माता सीता को मुंह दिखाई में मिला था ।पिछले कुछ समय से पूरे भारत में अयोध्या स्थित राम मंदिर की चर्चा चल रही है। 22 जनवरी 2024 का दिन इतिहास के पन्नों में हमेशा के लिए दर्ज हो गया है। क्योंकि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद एक फेमस धार्मिक स्थल बन गया है। अयोध्या स्थित राम मंदिर कई चीजों के लिए फेमस है। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में कई ऐसे धार्मिक स्थल, भवन, इमारत, मंदिर और महल मौजूद हैं। जो किसी न किसी रूप में रामायण काल से जुड़ी है।**

**कनक महल**

बताया जाता है कि माता सीता को मुंह दिखाई में जो महल मिला था, उसका नाम कनक भवन था। जब प्रभु श्रीराम जनक नंदनी से विवाह के बाद अयोध्या पहुंचे थे, तो महारानी कैकेयी ने मां सीता को मुंह दिखाई में उपहार स्वरूप कनक महल दिया था। मान्यता के मुताबिक देवी सीता और प्रभु श्रीराम का यह कनक महल निजी महल हुआ करते थे। हर दिन हजारों की संख्या में इस महल को देखने के लिए लोग अयोध्या पहुंचते हैं। वर्तमान समय में कनक महल अयोध्या के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है।

**देवशिल्पी विश्वकर्मा ने बनाया था कनक महल**

कनक महल के निर्माण के पीछे एक दिलचस्प कहानी है। एक दिन महारानी कैकेयी ने अपने सपने में एक दिव्य महल देखा। अगले दिन महारानी ने राजा दशरथ से अपने स्वप्न के बारे में बताया और ठीक वैसा ही महल बनवाने की इच्छा जताई। महारानी कैकेयी की महल बनवाने की इच्छा के बाद महाराजा दशरथ ने देवशिल्पी विश्वकर्मा जी को बुलाकर एक भव्य और सुंदर महल का निर्माण करवाया था। वहीं प्रभु राम की शादी के बाद माता सीता के अयोध्या आने पर महारानी कैकेयी ने उन्हें मुंह दिखाई में कनक महल दिया था।

**कनक महल की पौराणिक कथा**

कनक महल की पौराणिक कथा बहुत दिलचस्प है। लोक मान्यता के अनुसार, द्वापर युग में प्रभु श्रीकृष्ण अपनी पटरानी रुक्मिणी समेत अयोध्या पहुंचे, तब कनक भवन खंडहर बन चुका था। लेकिन फिर भी भगवान श्रीकृष्ण को टीले पर आनंद आता था। ऐसे में भगवान श्रीकृष्ण ने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह कनक महल है। तब श्रीकृष्ण ने अपने योगबल से श्री सीताराम की मूर्तियों को प्रकट कर स्थापित किया था।

**महल का जीर्णोद्धार**


कनक महल में स्थापित शिलालेखों से जानकारी मिलती है, इस महल का कई बार जीर्णोद्धार किया जा चुका है। बताया जाता है कि सबसे पहले श्रीराम के पुत्र कुश ने कनक महल का जीर्णोद्धार कराया था। साथ ही उन्होंने महल में भगवान श्रीराम और मां सीता की मूर्तियां स्थापित करवाई थीं। वहीं कुश के बाद श्रीकृष्ण ने इस महल का पुनर्निमाण करवाया था। इसके अलावा चक्रवर्ती सम्राट महाराजा विक्रमादित्य और समुद्रगुप्त द्वारा भी इस महल का पुनर्निर्माण किया था। बताया जाता है कि वर्तमान समय में महल का जो स्वरूप मौजूद है, उसको राजा सवाई महेंद्र प्रताप सिंह की पत्नी महारानी वृषभानु द्वारा बनवाया गया है।

**बेहद खास हैं कनक भवन की मूर्तियां**

कनक महल को मंदिर के तौर पर भी जाना जाता है। मंदिर के गर्भगृह में प्रभु श्रीराम, मां सीता, श्रीलक्ष्मण और भरत-शत्रुघ्न विराजमान हैं। अयोध्या का यह इकलौता ऐसा महल है, जहां पर प्रभु श्रीराम माता सीता के साथ अपने भाइयों के साथ विराजमान हैं।

**इस समय घूमने जाएं**

वैसे तो आप कभी भी कनक महल घूमने के लिए जा सकते हैं। गर्मियों में सुबह 08 बजे से लेकर रात के 09 बजे तक घूम सकते हैं। वहीं सर्दियों में सुबह 09 बजे से रात 08 बजे के बीच घूमने के लिए जा सकते हैं।



# वाहन चलते समय सावधानी से शून्य दुर्घटना का लक्ष्य कर सकते हैं हासिल



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 2024 के समापन के अवसर पर आपदा प्रबंध कानपुर एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा रक्षात्मक ड्राइविंग एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण कानपुर एडबिल्स प्रा लि के परिवहन प्रभाग में चलाको और परिचलको को लखन शुक्ला मुख्य प्रशिक्षक आपदा प्रबंधन एवं मास्टर ट्रेनर रेडक्रॉस आदि टीम द्वारा दिया गया शिविर का शुभारम्भ मनोज गुप्ता एम.डी ने किया संयोजन शरद शर्मा ने किया प्रशिक्षण में चालक व परिचालकों के साथ कर्मचारी ने प्रतिभाग किया।

लखन शुक्ला ने बताया चालक तनिक सावधानी बरतें, तो शून्य दुर्घटना का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन सुरक्षा बड़ी चुनौती है। रक्षात्मक ड्राइविंग ही इसका समाधान है। सड़क सुरक्षा से संबंधित अनुभव की साझेदारी की। इसके बाद प्रशिक्षण शुरू हुआ। इसमें पुलिस, सड़क संकेत, सिग्नल से जुड़ी यातायात नियंत्रण प्रणाली के बारे में बताया गया।चालकों को कहा गया कि गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट को जरूर बांधे। यदि हम घायल को गोल्डन आवर में मदद दे दे तो सड़क दुर्घटना में मरने वालो के आकड़े को कम किया जा सकता है।श्री शुक्ला ने सीपीआर का डेमो हार्ट अटैक में जीवन बचाने का डेमो दिया इस अवसर पर मनोज शर्मा मृदुलेन्द्र सिंह प्रवेश तिवारी राजीव श्रीवास्तव, यस मेहता, ए के राव ,अभिषेक मिश्रा धर्मेंद्र सिंह राजपूत प्रदीप वर्मा, फायर सुपरवाइजर आशुतोष शुक्ला प्लांट के कर्मचारी सुरक्षा कर्मी आदि उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता पेंशन योजना की गारंटी कर अपने संकल्प पत्र में शामिल कराएं मोदी:पं रवीन्द्र शर्मा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। अधिवक्ता कल्याण संघर्ष समिति के नेतृत्व में अधिवक्तागण पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे जहां पर बोलते हुए संयोजक पंडित रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लायर्स एसोसिएशन ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष से अधिक होने के बाद भी अभी तक राष्ट्रीय स्तर अधिवक्ताओं की कोई सामाजिक सुरक्षा योजना नही है। मोदी जी लोकसभा चुनाव से पूर्व अधिवक्ता हितार्थ अपने संकल्प पत्र में गारंटी दे अधिवक्ता पेंशन योजना जिसके अंतर्गत कम से कम रुपया 15000 प्रतिमाह देय हो लागू की जाय।

अधिवक्ता कल्याण निधि योजना जिसके अंतर्गत 30 वर्ष की सदस्यता पर परिपक्वता राशि रुपया 10 00 000 देय हो लागू की जाय।

अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा कवर योजना रुपया 5 00 000 लागू कीजाय या अधिवक्ताओं को आयुष्मान योजना से जोड़ा जाय।युवा अधिवक्ता प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत नवागंतुक युवा अधिवक्ताओं को प्रथम 5 वर्ष तक रुपया 10000 प्रतिमाह की प्रोत्साहन राशि दी जाय। अधिवक्ताओं को निवास हेतु नो प्रॉफिट नो लॉस पर आवासीय प्लाट दिए जाय। अधिवक्ताओं की सुरक्षा और जीवन रक्षा हेतु अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम शीघ्र लागू किया जाय।हम अधिवक्ताओं की सामाजिक सुरक्षा /जीवन रक्षा हेतु हमारे सुझावों को अपनी पार्टी के संकल्प पत्र में शामिल कर गारंटी देते हुए हम अधिवक्ताओं को अनुग्रहित करें। सुझावपत्र प्राप्त कर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने कहा कि हम आपका पत्र आवश्यक कार्यवाही हेतु आगे भेज देंगे।प्रमुख रूप से भानू प्रताप द्विवेदी हर्ष वर्मा उपाध्यक्ष लायर्स एसोसिएशन संजीव कपूर नूर आलम अतुल सिंह विनोद गुप्ता रुखसार अहमद पंकज दीक्षित अनिल बाबू चौधरी जितेंद्र शुक्ला शुजा अब्बास राम नवल कुशवाहा आदि रहे।



# पूर्वजों की मुक्ति को हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी



कानपुर।करौली शंकर महादेव के सानिध्य में हजारों श्रद्धालुओं ने मां गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई। इस दौरान हर–हर महादेव, हर–हर गंगे और हरि– हर का उद्घोष होता रहा। करौली शंकर महादेव ने श्रद्धालुओं को पूर्वजों की मुक्ति के लाभ बताए। गंगा को प्रदूषित न करने की सीख दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान में भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया व सभी भक्तो और शिष्यों के साथ मां गंगा की सफाई भी की हजारों भक्तो के समूह ने करौली शंकर महादेव के आवाहन पर पर्यटकों के आने से जो गंदगी फैली थी उसे साफ किया गया व देश को रोग मुक्त भारत शोक मुक्त भारत के तहत सभी को स्वस्थ रहने के लिए सही भोजन,योग,ध्यान आदि कर आपने जीवन को आगे बढ़ाने के लिए बोला व नशा न करने की सलाह दी जिससे एक स्वस्थ देश का निर्माण हो।फाल्गुन मास की अमावस्या पर रविवार को करौली शंकर महादेव धाम से हजारों श्रद्धालु तपस यात्रा में शामिल हुए।यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हए सरसैया घाट पहुंची थी। जहा भजन संध्या और गंगा मइया की आरती के बाद हवन पूजन किया गया था।करौली शंकर महादेव ने गंगा स्नान किया। इसके बाद हजारों श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई। कहा कि गंगा में स्नान करते समय मन को निर्मल रखिए।इस अवसर पर शंकर सेना के अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बोर्ड के बरिष्ठ लिपिक आर0के0 सिंह को पटल से हटाने की मांग, दो दिन में कार्यवाही का मिला आश्वासन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। दिव्यांग बोर्ड के बरिष्ठ लिपिक द्वारा भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक हिरदेश सिंह से उर्सला अस्पताल स्थित दिव्यांग बोर्ड के बड़े बाबू द्वारा की गयी अभद्रता का मामला तुल पकड़ता जा रहा है।

आज इस सम्बन्ध में भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ का प्रतिनिधि मण्डल सी0एम0ओ0 कानपुर नगर से मिल कर दिव्यांगजनो से अभद्रता करने व अपमानित करने वाले बरिष्ठ लिपिक को पटल से हटाने की मांग कि गयी। जिला संयोजक हिरदेश सिंह ने बताया कि सी0एम0ओ0 ने दो दिन में कार्यवाही का आस्वाशन दिया है ।उन्होंने चेतावनी दी गयी कि बरिष्ठ लिपिक के खिलाफ कार्यवाही नहीं होती है तो धरना प्रदर्शन किया जायेगा।आज सी0एम0ओ0 से मिलने वालों में भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक हिरदेश सिंह, रवि गुप्ता, अमित सिंह, अविनाश बाजपेई, नीरज प्रजापति आदि शामिल थे।

# सी0ए0ए0 लागू किये जाने का स्वागत



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। आदर्श लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव एवं राष्ट्रीय संगठन प्रभारी शाफिर अली उस्मानी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने सी0ए0ए0 लागू करके बधाई पूर्ण कार्य किया है। सीणरजा0 लागू होने के बाद विदेश से आने वाले शरणार्थी जिसमें हिन्दू सिख जैन, बौद्ध धर्मों के मानने वालों को सुगमता के साथ भारत की नागरिकता आसानी से मिल जायेगी। इससे पहले यह प्रक्रिया जटिल थी। जिससे उन शरणार्थियों को आसानी से नागरिकता नहीं मिल पाती थी। पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान में अल्पसंख्यकों के ऊपर जो उत्पीड़न के चलते अपने देश से पलायन करके भारत देश आ रहे हैं।संविधान में बदलाव करके उनको मारत का नागरिक बनाने की जो यह प्रक्रिया अपनाई गई है, निश्चित रूप से प्रशंसनीय व बधाई योग्य है।देश के राजनैतिक दलों के अगुवाकारों द्वारा सी000ए0 लागू होने पर एक धर्म विशेष से जोड़कर एक विशेष समुदाय को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं जबकि डा0 भीमराव अम्बेडकर द्वारा जो संविधान हमें मिला है, उसमें सभी नागरिकों को बटाबर का अधिकार, सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा और विचारों की अभिव्यक्ति का बराबर से अधिकार है। ऐसे में सी0ए0ए0 लागू होने के बाद किसी भी व्यक्ति को डरने की जरूरत नहीं है।केन्द्र सरकार द्वारा बहुसंख्यक समाज को गुमराह करके अपने वोट बैंक को बढ़ाना चाहती है जिसका आदर्श लोकदल पुरजोर विरोध करता है और उनके द्वारा इस प्रकार का कोई भी कुचक्र चलाया जायेगा तो उसको जनता के बीच में बेनकाब करने का कार्य आदर्श लोकदल के कार्यकर्ता करेंगे।

# अजय कपूर के भाजपा में शामिल होने के बाद प्रथम नगर आगमन पर स्वागत कार्यक्रम में हुई धक्का मुक्की



कानपुर। नई दिल्ली में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ अजय कपूर के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने पर सिंधी व पंजाबी जो गुटों में बटा था अब एक हो गया आज अजय कपूर के स्वागत में सिंधी समाज में अपार खुशी का माहौल दिखा। बी जे पी में शामिल होने के उपरांत कानपुर में प्रथम आगमन पर माननीय अजय कपूर का जोरदार स्वागत श्रीझूले लाल शिव मन्दिर व पूज्य सिन्धी पंचायत के तत्वाधान में अध्यक्ष श्याम लाल मूलचंदानी के नेतृत्व में भारी संख्या में भव्य स्वागत किया। स्वागत के दौरान चेहरा दिखाने की होड़ में हुई धक्का मुक्की,स्वागत करने वालो में मुख्य रूप से श्याम लाल मूल चंदानी,(अध्यक्ष) बलराम कटारिया, बीलान बजाज, बंटी सिधवानी, सुरेश कटारिया, पूर्ण बजाज, संजय चुग, लक्ष्मण दास,राजकुमार लालवानी, मनोज तलरेजा, राजकुमार मोटवानी , नरेश फूलवानी,दिनेश कटारिया, हरी राम गंगवानी, सुरेश धमेजा, विनोद मुर्जानी, मुकेश कटारिया, गणेश बजाज,नरेश फूलवानी, बिहारी लाल बजाज , रमेश मुर्जानी, सुनील अलवानी,आदि।

# शिलान्यास के दौरान हुआ बुजुर्गों का सम्मान, कराए गए तीन करोड़ के कार्य



कानपुर। भारतीय जनता पार्टी पार्षद योगेंद्र शर्मा यश के द्वारा वार्ड 65 नौबस्ता पश्चिम क्षेत्र में शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ बुजुर्गजनों को सम्मानित किया गया इस मौके पर पार्षद योगेंद्र शर्मा ने बताया कि उनके कार्यकाल में तकरीबन 3 करोड रुपए के कार्य कराए जा चुके हैं जिनका कार्य चालू है आगामी कार्यों में सबसे पहले वार्ड की समस्त समस्याओं को समाप्त करना उनका लक्ष्य है। पार्षद योगेंद्र शर्मा ने बताया कि 8 महीने के कार्यकाल में उनके द्वारा नाली खड़ंजा सड़क पार्कों का सुंदरीकरण सहित कई समरसेबल क्षेत्र में स्थापित कराई तथा अन्य स्थापित कराई जा रही हैं उन्होंने सबसे बड़ी समस्या बिजली के पोल की समस्या को समाप्त करने की बात कही जिसके लिए क्षेत्र में मौजूदा समय में बिजली के पोल लगाए जा रहे हैं पूजन करते हुए श्री शर्मा ने बताया कि उनका लक्ष्य कानपुर नगर में क्लीन एवं ग्रीन वार्ड 65 को बनाना है जिसके लिए वह दृण संकल्पित हैं उन्होंने कहा कि कानपुर नगर निगम के वह कार्यकारिणी सदस्य हैं तथा महापौर के द्वारा निरंतर क्षेत्र की जनता को जो प्रेम दिया जा रहा है वह सामने दिखाई पड़ रहा है इस दौरान मुख्य रूप से सुनील झा राजेश शुक्ला विजय वर्मा अमित तिवारी विकास बाजपेई राजीव गुप्ता नरेंद्र शर्मा सुरेंद्र अवस्थी देवेंद्र सिंह रोहित शर्मा पंकज गोस्वामी सत्यवीर सिंह मनोज सचान अवधेश पांडे विकास मल्होत्रा हरीबाबू यादव गोपाल सिंह जयकरन द्विवेदी राकेश दीक्षित सुंदरलाल बाजपेई सुभाष श्रीवास्तव आनंद तिवारी अजय श्रीवास्तव मनोज तिवारी रितिक शर्मा योगेंद्र वर्मा सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय मौजूद रहे।

# कंपोजिट विद्यालय हाता सवाई सिंह में एनजीओ द्वारा स्टेशनरी का किया गया वितरण

**विनय कुमार**

कानपुर। कंपोजिट विद्यालय हाता सवाई सिंह में एक एनजीओ द्वारा स्टेशनरी का वितरण किया गया तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उनको आशीर्वाद प्रदान किया। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने उनका आभार व्यक्त किया। वितरण के समय विद्यालय में अनुज कुमार सहायक अध्यापक शशि वाला त्रिपाठी एवं विनय कुमार सीमा दीक्षित आदि मौजूद रहे।



# कानपुर के पार्षदों ने थामा भाजपा का दामन



कानपुर नगर, लोकसभा चुनाव से पहले देश की राजनीति में कई बडे-बडे उथल-पुथल हुए है। बडी पार्टियों के कई नेताओं ने जहां अपनी पार्टी का साथ छोडते हुए भाजपा का दामन थामा है तो वहीं इस उलट-फेर के कारण इंडिया गठबंधन में आंकडे बिगडते दिखाई दे रहे है। वैसे भी गठबंधन में सभी दल के विचार एक दूसरे से मेल खाते नही दिख रहे है। फिलहाल आने वाला समय ही यह तय करेगा कि गठबंधन में एक साथ आये सहयोगी दलों को लोकसभा चुनाव के परिणामों में क्या मिलने वाला है।कानपुर में भी कई पार्षदों ने सपा का दामन थाम लिया है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय लखनऊ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, जन शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एमएलसी सलिल विश्नोई की उपस्थित में कई पार्षदों ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की।इस अवसर पर कानपुर महानगर के पूर्व पार्षद अनुज गुप्ता, हैट्रिक पार्षद मोनू गुप्ता, पूर्व पार्षद बबलू मेहरोत्रा, निर्दलीय पार्षद आदर्श गुप्ता, एडवोकेट अभिषेक गुप्ता, संयुक्त मंत्री बार एसोसिएशन राहुल गुप्ता, रितेश तिवारी, नवोदिता मिश्र, एडवोकेट सुशील वर्मा, एडवोकेट पवन केसरवानी, एडवोकेट अभिषेक चौरसिया, अमरीश गुप्ता, अमित गुप्ता, एड0 उद्धव बाजपपाई सहित सैकडों समर्थकों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गयी।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6–ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344– बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट–समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।